53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 23.1°c | अधिकतम 38.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:42, सूर्यास्त - 6:51 | वर्ष : 53/ अंक : 113 | शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

अगर बनना है तो उस तालाब की तरह बनो, जहां शेर भी पानी पीता है और बकरी भी मगर सर झुका के।

आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी : मोदी

जब से सुनी ये बात... तो दोनों में खौफ है.....

पाकिस्तान लौटे दो लोग 28 और को करना होगा अपना बिस्तर गोल

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। दो दिन पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई 26 से अधिक निहत्थे लोगों की निर्मम हत्या के बाद पूरे देश में एक ओर गुस्सा और गम का माहौल है वहीं देश की सरकार ने 48 घंटे के अंदर सभी पाकिस्तानों को वापस लौटने के आदेश जारी किये हैं। अकेले मुजफ्फरनगर के अंदर फिलहाल 28 पाकिस्तानी लोंग टर्म व शॉर्ट टर्म वीजा पर मौजूद हैं, हालांकि गुरूवार की शाम तक यह संख्या तीस थी, मगर सरकार के आदेश आने के बाद शॉर्ट टर्म वीजा वाले दो पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तान के लिए रवाना हो गए, जिनमें एक महिला व एक पुरुष बताए गए हैं। माहौल खराब होने के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा यह बात गुप्त ही रखी जायेगी कि बाकी के 28 लोग कहां-कहां पर मुजफ्फरनगर जनपद में मौजूद हैं।

आपको बता दें कि मुजफ्फरनगर में बाकी बचे 28 लोगों में अभी दो पाकिस्तानी नागरिक शॉर्ट टर्म वीजा वाले जनपद में ही हैं जबकि 26 लोग लोंग टर्म वीजा वाले अभी जनपद में रह सकते हैं, क्योंकि नियम के तहत इन लोगों को 29 अप्रैल तक यहां रहने दिया जा सकता है। पुलिस प्रशासन इन सबकी सूची लेकर स्वयं इन पाकिस्तानी नागरिकों पर निगाहें रखेगा कि उक्त सभी लोग कब और कहां रह रहे हैं। आपको बता दें कि पहलगाम में हुए हमले के बाद पाकिस्तान से आये सभी लोगों को पूरे देश से वापस लौटने का हुक्म देश की सरकार ने तुरन्त दिया है। माना जा रहा है कि पूरे देश से हजारों की संख्या में लोग अलग अलग शहरों में मौजूद हैं। खुफिया विभाग की मानें तो जल्द ही चैकिंग अभियान चलाकर यह भी जानकारी हासिल की जाएगी कि कहीं कोई व्यक्ति अवैध रूप से मुजफ्फरनगर जनपद के किसी हिस्से में तो नहीं रह रहा है। फिलहाल पाकिस्तान से वीजा पर आए प्रत्येक पाकिस्तानी को अपने देश सुरक्षित लौट जाने की जल्दी है। ऐसे में मुजफ्फरनगर में मौजूद बाकी के 28 लोग भी अपना सामान बांधकर वापस लौटने की तैयारी में लगे हैं। देश के गर्म माहौल को देखकर गुपचुप ढंग से जनपद में मौजूद लोगों को सुरक्षित निकालने की जिम्मेदारी भी प्रशासन की ही रहेगी। अगले छह दिनों में प्रशासन को बड़ी ही मुस्तैदी के साथ इस काम को अंजाम देना होगा। जब तक ये लोग जनपद से रवाना नहीं हो जाएंगे, तब तक पाकिस्तानी नागरिकों व जिला प्रशासन की सांस अटकी रहेंगी।

ये कहा एसपी सिटी ने

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि पहलगांव में हुए हमले के बाद जनपद में रह रहे शॉर्ट टर्म वीजा पर चार लोगों में से दो ने स्वेच्छा से पाकिस्तान में वापस चले गए है। पाकिस्तान वापस गए लोगों में स्व एक महिला व एक पुरुष है।

अब साईंधाम के बाहर सजेगा चटोरों का चाट बाजार

चाट बाजार के व्यापारियों की पालिका ईओ से बनी सहमति

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। टाउनहाल के बाहर चाट बाजार को खत्म किए जाने को लेकर पालिका प्रशासन के साथ वेंडरों का बीते एक पखवाड़े से चल रहा विवाद गुरूवार को ईओ की सार्थक पहल के बाद समाप्त हो गया। ऐसे में वेंडरों ने जहां एक ओर अपना बेमियादी धरना समाप्त कर दिया, वहीं पालिका के साथ बनी सहमति पर साईंधाम मंदिर के सामने पालिका की जगह में चाट बाजार शिफ्ट करने को सहमत हो गए। नगर मजिस्ट्रेट व पालिका ईओ ने सहमति बनने के बाद चयनित स्थान पर तमाम व्यवस्थाएं बनाने के लिए त्वरित गति से कार्य शुरू करा दिया है। एक मई से चाट के चटोरों का चाट बाजार तैयार हो जाएगा।

नगर पालिका प्रशासन की ओर से नगर क्षेत्र के सौंदर्यकरण को लेकर शुरू कवायदों के बीच टाउनहाल के बाहर गेट नंबर एक से गेट तीन तक मुख्य मार्ग पर लगने वाला चाट बाजार वित्तीय वर्ष से समाप्त कर दिया था। इसके विरोध में यहां ठिया लगाने वाले वेंडरों ने बेमियादी आंदोलन शुरू करते हुए रोजगार छीनने के आरोप लगाकर चाट बाजार टाउनहाल पर ही शुरू करने की मांग की। बीते दिनों ये लोग डीएम उमेश मिश्रा से भी मिले, उस बैठक में टाउनहाल पर चाट बाजार को न लगने देने की स्पष्ट बात डीएम ने कही थी और वेंडरों को उनकी पसंद का दूसरी स्थान उपलब्ध कराने के साथ वहां पर व्यवस्था बनवाने का वादा भी किया था। इसके लिए एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप व पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह वेंडरों को विकल्प के लिए मनाने के प्रयासों में जुटे थे। इसके लिए वेंडरों को ईओ ने चार स्थानों का भ्रमण कराकर अपनी पसंद की जगह चुनने का अवसर दिया था, इनमें जानसठ रोड व गांधी कॉलोनी मार्ग ओवर ब्रिज के नीचे, साईंधाम मंदिर व कम्पनी बाग मेरठ रोड के स्थान दिए थे। गुरूवार में चाट बाजार के वेंडरों ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से वार्ता करने के बाद रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर दो पर पार्किंग वाली जगह देने का आग्रह किया, जिसे ईओ ने इंकार करते हुए वेंडरों से कम्पनी बाग और साईंधाम वाली स्थान के विकल्प को चुनने के साथ भ्रमण करने की बात कही। बाद में नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप व ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने वेंडरों को दोनों स्थानों का भ्रमण कराया तो वेंडरों ने साईंधाम पर ही जगह लेने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की।

इन्होंने कहा-

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि साईंधाम के पास पर्याप्त स्थान है, जहां चाट बाजार लगवाया जायेगा। इसके लिए सहमति के साथ ही वेंडरों ने अपना बेमियादी धरना समाप्त कर दिया। पालिका ने मौके पर टीम लगाकर सफाई कार्य प्रारम्भ करा दिया है। यहां पर टीन शेड लगाने के साथ ही पेयजल, पथ प्रकाश की व्यवस्था पालिका कराने जा रही है। इसके लिए जेई को निर्देशित कर दिया है। एक मई से नया चाट बाजार अपने वजूद में आ जायेगा। टाउन हाल पर 34 लोग ठिये लगाकर रोजगार कर रहे थे, इनमें से यहां पर 24 वेंडरों को जो चाट आदि के ठेले लगाने का कार्य कर रहे थे, उन्हें स्थान दिया जायेगा। यहां पर फल, कपड़े और बर्तन आदि के ठिये लगाने वालों को स्थान नहीं मिलेगा। यह केवल चाट बाजार के रूप में ही विकसित किया जायेगा।

शादी में आयी बच्ची को कार की टक्कर लगने से आक्रोशित भीड़ ने कार तोड़ी

मीरापुर, 24 अप्रैल (बु.)। कस्बे में थाने के चौराहे के समीप बने एक बैंकेट हाल में आयोजित शादी समारोह में बारात में आयी एक बच्ची राजमार्ग से गुजर रही कार की टक्कर लगने से घायल हो गयी। बच्ची के घायल होने से बारात में आये लोग आक्रोशित हो गए और दुर्घटना करने वाली कार में तोड़फोड़ कर डाली। आक्रोशित लोगों ने काफी देर तक उत्पात मचाया। मौके पर आयी पुलिस ने कार चालक की जान बचाई और उसे थाने ले आयी।

पार्किंग सुविधा न होने के कारण बैंकेट हॉल के बाहर खड़े वाहन बन रहे हादसों का कारण

गुरूवार को मीरापुर में थाने से मात्र दो सौ मीटर दूर स्थित सुहाना फार्म हाउस में दो बारात आई हुई थी। निकाह सम्पन्न होने के बाद विदाई की रस्म चल रही थी। इस दौरान मुजफ्फरनगर के नियाजपुरा से बारात में आई एक बच्ची फायजा पुत्री अमजद (7 वर्ष) सड़क पार कर रही थी तभी मीरापुर से जा रही एक कार ने बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे बच्ची घायल हो गई। बच्ची के घायल होने से बाराती आक्रोशित हो गए और बारात में शामिल लोगों की भीड़ ने कार को घेर लिया तथा उत्पात मचाते हुए कार पर चढ़कर लात घूंसों और बेल्टों से कार के शीशे तोड़ डाले और चालक को बुरी तरह से पीटा। सूचना पर पुलिस ने बामुश्किल चालक को छुड़ाया और उसे थाने ले आयी। बारात में शामिल युवकों द्वारा मचाए गए उत्पात के दौरान राजमार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। पुलिस बैंकेट हाल व आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उत्पात मचाने वालों की तलाश में जुट गई है।

भतीजी को दवाई दिलाकर लौट रहा था कार चालक सेना का जवान

मीरापुर। रामराज के गांव अल्लूवाला निवासी रवि ने बताया कि वह सेना में सिपाही है और रांची में तैनात है। तथा वह अपनी बीमार भतीजी नव्या को डॉक्टर के दिखाकर अपनी भाभी कोमल व भतीजी के साथ वापिस घर लौट रहा था। टक्कर लगने के बाद उसने कार को रोकी, तो आक्रोशित युवकों ने यह भी नहीं देखा कि उसके साथ महिला व बच्ची है तथा उसकी कार में बुरी तरह से तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की। इससे उसकी भाभी व भतीजी बेहद डर गई थी।

मीरापुर में बिना पार्किंग चल रहे बैंकेट हॉल

मीरापुर। मीरापुर में संचालित करीब आधा दर्जन बैंकेट हॉल के पास पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है तथा बैंकेट हाल राजमार्ग किनारे होने के चलते शादी समारोह में आए लोग व छोटे बच्चे सड़क के पास ही खेलते व घूमते रहते हैं, जिससे आये दिन हादसे होते रहते हैं। ऐसा ही मामला सुहाना फार्म हाउस में हुआ। बारात में आए हुए लोगों की भारी भीड़ थी तथा अधिकांश लोग सड़क किनारे ही खड़े थे तथा बारात में आए लोगों के वाहन भी सड़क किनारे ही खड़े होते हैं। पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के बाद भी ऐसे बैंकेट हाल पर कोई पाबंदी नहीं लग पा रही है।

यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को होगा घोषित

प्रयागराज,24 अप्रेल (वार्ता) एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा कराने वाली संस्था उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड)की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जारी बयान में कहा कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल शुक्रवार को अपराह्न 12.30 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. यूपीएमएसपी. ईडीयू.इन तथा डिजीलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. रिजल्ट्स. डिजीलॉकर. जीओवी.इन पर देखा जा सकता है। गौरतलब है कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के लिए प्रदेश में 8,140 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के लिए कुल 54.38 लाख छात्र-छात्राएं रजिस्टर्ड थे, लेकिन 3.02 लाख छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी थी। कॉपियां 19 मार्च से 2 अप्रैल तक 261 केंद्रों पर जांची गईं।

कल (आज) दिल्ली बंद रखने का ऐलान

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम में आतंकी हमले में मासूम पर्यटकों की मौत से मर्माहत व आक्रोशित दिल्ली के लोगों ने बंद का आह्वान किया है। शुक्रवार को दिल्ली के थोक बाजार चांदनी चौक, कनॉट प्लेस, खान मार्केट, चावड़ी बाजार, सदर बाजार व कश्मीरी गेट समेत 700 से अधिक बाजार बंद रहेंगे। बंदी से दवा, सब्जी जैसे आवश्यक वस्तुओं की दुकानें, ढुलाई और पेट्रोल पंप अछूते रहेंगे। इसी तरह, कई बाजारों में बंदी के साथ ही दुकानदार आक्रोश प्रदर्शित करेंगे। चांदनी चौक में बड़ा मार्च निकाला जाएगा। सदर बाजार के दुकानदार भी प्रदर्शन करेंगे। बंद का आह्वान दिल्ली हिंदुस्तानी मर्केंटाइल एसोसिएशन, चांदनी चौक ने बुधवार को पुरानी दिल्ली के प्रमुख थोक बाजारों की बैठक में लिया था, जिससे बृहस्पतिवार को दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली, पूर्वी दिल्ली समेत अन्य क्षेत्रों के बाजार भी जुड़ गए। बंद को कंफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व दिल्ली व्यापार महासंघ जैसे प्रमुख कारोबारी संगठनों ने समर्थन किया है।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर की हुई मौत

परिजनों में मचा कोहराम, गांव में शोक व्याप्त

बुढ़ाना, 24 अप्रैल (बु.)। अपने घर के बाहर अपनी बाइक के सहारे खड़े हुए एक किशोर की ट्रैक्टर और थ्रेशर मशीन की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने शव को? पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरथल निवासी डॉक्टर राजकुमार अपने 19 वर्षीय पुत्र युवराज सिंह के साथ बाइक पर बैठकर खेत में काम करके अपने घर पर आ गये थे। तब वे घर के अंदर चले गये थे, जबकि सुबह करीब 9 बजे उनका पुत्र युवराज बाइक के सहारे घर के बाहर खड़ा हुआ था। तब पड़ोसी राजीव पुत्र

ठाकुर रणसिंह उर्फ रन्नू खेत पर जाने के लिए ट्रैक्टर और थ्रेशर मशीन लेकर वहीं पर खड़ा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसने शराब पी हुई थी। जैसे ही उसने ट्रैक्टर स्टार्ट किया तो ट्रैक्टर व थ्रेशर मशीन अनियंत्रित होकर युवराज के ऊपर चढ़ गयी, जिसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी और युवराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ट्रैक्टर चालक राजीव मौके से भाग खड़ा हुआ। शोर शराबा होने पर मौके पर आए परिजन युवराज को बुढ़ाना के एक अस्पताल में लेकर आए, जहां पर चिकित्सकों ने युवराज को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस ने घटनास्थल की और दौड़ लगा दी। मौके पर सीओ गजेंद्र पाल सिंह भी आए। बुढ़ाना पुलिस ने परिजनों को सांत्वना देते हुए शव को पीएम के लिए भेजकर राजीव की तलाश शुरू कर दी है।

देर रात खालापार में चली गोली, युवक गंभीर रूप से घायल

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। देर रात खालापार थाना क्षेत्र के किदवईनगर में अज्ञात हमलावरों ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय लाया गया। घायल का नाम खालापार निवासी मोनिस पुत्र खालिद निकला। पुलिस को इसकी सूचना दे दी गयी तो पुलिस ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर ही रात्रि में घटना की जानकारी ली और परिजनों के बयान पर मामले की जांच और अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी।

खतौली में ट्रक के पहिये के नीचे 55 वर्षीय व्यक्ति की ददर्दनाक मौत

खतौली, 24 अप्रैल (बु.)। बुढ़ाना रोड पर ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार हाजी पप्पू कुरैशी की पहिये के नीचे आने से दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार के बड़ा बाजार निवासी हाजी पप्पू कुरैशी का नगर क्षेत्र के बुढ़ाना तिराहे पर कबाड़ी का व्यापार है । बताया जाता है कि गुरूवार की दोपहर हाजी पप्पू बाइक से बुढ़ाना रोड पर किसी कार्य हेतु जा रहा था। बताया जाता है कि इस दौरान एक ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल हाजी पप्पू कुरैशी की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ट्रक को कब्जे में ले लिया गया जबकि ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

गांधी कॉलोनी के एक घर में देर शाम लगी आग

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। गुरूवार को देर शाम गांधी कॉलोनी के गली नं. 5 में एक मकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गयी।

मौहल्लेवासी व मकान मालिकों ने आग पर समय रहते काबू पा लिया। आग लगती देख फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गयी, परन्तु दमकल विभाग के मौके पर पहुंचने से पहले ही मौहल्लेवासियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। फायर बिग्रेड बीच रास्ते ही वापस आ गयी।

पीएम मोदी की आतंकियों को दो टूक

कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी, मिट्टी में मिला देंगे...

मधुबनी, 24 अप्रैल (एजेंसी)। बिहार के मधुबनी में भाषण देते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'बेरहमी से मारा। पीड़ित परिवार के साथ देश खड़ा है। कई लोगों का इलाज चल रहा है। आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना साथी खोया। कोई मराठी बोलता था, कोई कन्नाडा बोलता था। देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला किया है। निहत्थों पर हमला किया, जिसने ये हमला किया है उन आतंकियों को और साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिलकर रहेगी। आतंकियों की जमीन को मिट्टी में मिला देंगे। पीएम मोदी ने कहा, "140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। बिहार के मधुबनी में बोलते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने एकल बड़ा ऐलान दिया है। उन्होंने कहा कि 'मैं स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिसने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और साजिश रचने वालों को, उनकी कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी।' पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले से पूरा देश स्तब्ध है। इस आतंकी हमले में कानपुर के शुभम द्विवेदी समेत 26 लोगों की हत्या हुई है। इस कायराना हमले के बाद से देशवासियों का गुस्सा अपने ऊफान पर है। इस बीच बिहार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकल बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि 'मैं स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिसने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और साजिश रचने वालों

को, उनकी कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी...सजा मिलकर रहेगी। आतंकियों की जमीन को मिट्टी में मिला देंगे.' पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के खिलाफ कड़े तेवर दिखाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें पाकिस्तान को कूटनीतिक और आर्थिक रूप से घेरने के लिए पांच बड़े और निर्णायक फैसले लिए गए।

महालक्ष्मी एन्क्लेव में शादी समारोह में आए युवकों ने मचाया उत्पात

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। बुधवार की रात महालक्ष्मी एन्क्लेव में शादी समारोह का आयोजन हो रहा था। परिवार के लोग डीजे पर डांस कर रहे थे, इसी दौरान कार में सवार कुछ युवक आए और शादी समारोह में जमकर उत्पात मचाने लगे। शराब के नशे में धुत्त उक्त युवकों ने एक महिला को भी धक्का दे दिया, जिसमें वह नीचे गिर गई और महिला के कपड़े भी फट गए। महिला के देवर के लड़कों ने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर डाली। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर मिलने पर उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज की और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

11 लाख की लूट में बदमाशों को पकड़ने में पुलिस नाकाम, रखा गया पच्चीस-पच्चीस हजार का इनाम

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। लगभग छह दिन पहले भोपा रोड स्थित एक पेपर मिल के बाहर से तीन बदमाशों ने दिन दहाड़े एक भूसा व्यापारी से फिल्मी स्टाइल में 11 लाख रुपये की लूट कर ली थी। तमंचे लहराते हुए बदमाश शहर की ओर चले गए थे। तब से आज तक पुलिस के अनुसार पुलिस तीन सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल चुकी है, मगर अभी तक पुलिस के हाथ-पल्ले कुछ नहीं लगा। थक-हारकर आज पुलिस ने उक्त बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। आपको बता दें कि भूसा व्यापारी उज्ज्वल से हुई लूट के बाद भी बदमाशों ने अन्य कई घटनाओं को अंजाम दिया था। जनपद में लगातार अपराध बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस यूं तो लगातार बदमाशों को सरकारी पीतल चखाती दिखाई पड़ती है मगर बदमाशों को भी कानून के नियम पता है कि उन्हें कहां तक गोली मारी जा सकती है। ज्यादा-ज्यादा गोली उनके पैर में ही ठोकी जा सकती है, जिसका उपचार भी सरकार को खुद ही कराना पड़ता है। ऐसे में अब भूसा व्यापारी की घटना में तीनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित होने के बाद उनका कोई सुराग लग सके। एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि व्यापारी से लूट करने वाले तीनों बदमाशों की पहचान कर ली गयी है। लूट करने वाले बदमाश अरविन्द दौराला थाने का हिस्ट्रीशीट है। उसके साथ दौरला निवासी रवि व सन्नी भी मौजूद थे। रवि ने वर्ष 2021 में नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र में भी लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस टीम तीनों की तलाश में लगी हुई है।

तेज हवा के चलते कोल्हू में लगी आग, लाखों का नुकसान

बुढ़ाना, 24 अप्रैल (बु.)। तेज हवा के कारण एक कोल्हू में लगे खोई के बड़े चट्टे में अचानक से आग लग गयी, जिसमें लाखों रुपये की खोई जलकर राख हो गयी। गनीमत रही कि मौके पर तुरंत दमकलकर्मी आ गये नहीं तो कोई भी बड़ी घटना हो सकती थी। जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मंदवाड़ा में गांव में जाने से पहले ही सलीम सैफी पुत्र अमीर हसन का गन्ने का एक बडा कोल्हू रोड के किनारे पर ही स्थित है। आज बृहस्पतिवार की दोपहर रोजाना की भांति गुड़ बनाने के लिए गन्ने के रस को पकाया जा रहा था। तब तेज हवा के कारण आग का एक पतंगा अचानक से गन्ने की सूखी खोई के एक बड़े चट्टे में गिर गया, जिसमें आग अंदर ही अंदर सुलगती रही। कुछ ही देर बाद फिर हवा चली तो आग बढ़

गयी। तब कोल्हू पर काम कर रहे दर्जनों लोगों ने शोर मचा दिया, तो आस पास के सैकड़ों लोग भी मौके पर आ गये और सबमर्सिबल चालू करके आग बुझाने लगे, लेकिन आग बुझने के बजाय और भी भड़कने लगी। तब इसकी सूचना फोन पर बुढ़ाना क्षेत्र के वैल्ली सेंटर पर अग्निशमन अधिकारियों को दी, तो फिर कुछ देर बाद मौके पर अग्निशमन अधिकारी आ गये और उन्होंने कुछ ही देर बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान एक लाख रुपए की कीमत की खोई जली है, जबकि अग्निशमन अधिकारियों की सजगता के चलते अन्य सामान जलने से बच गया। यहां अग्निशमन अधिकारियों में मुन्ना लाल, ड्राइवर जय प्रकाश, फायरमैन जितेंद्र, शिव कुमार, रत्नेश, भूपेंद्र शर्मा और नरेंद्र कुमार मौजूद थे।

डिजिटल स्ट्राइक! भारत में ब्लॉक हुआ पाक सरकार का एक्स हैंडल

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। पाकिस्तान सरकार के एक्स हैंडल को भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने पाकिस्तान सरकार के किसी अहम ऑफिशियल हैंडल को देश में ब्लॉक किया है। एक्स पर मौजूद जानकारी के अनुसार, लीगल डिमांड के आधार पर अकाउंट को ब्लॉक किया गया है। याद रहे कि एक्स का मालिकाना हक एलन मस्क के पास है। एक्स को पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव है। बुधवार देर रात भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए। भारत ने सिंधु जल समझौते को अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया। भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहा गया। पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए और भारत स्थित पाकिस्तानी दूतावास में मौजूद लोगों को कम किया गया है, उन्हें भी भारत से निकल जाने को कहा गया है। इसके अलावा, भारत ने इस्लामाद में स्थित अपने उच्चायोग से सैन्य सलाहकारों को वापस बुलाने का फैसला किया गया। यह एक्शन पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के बाद लिया गया है। सरकारी एजेंसियों को सबूत मिले हैं जो हमला किया गया, उसे पाकिस्तान का समर्थन मिला था। हमला करके गायब हुए आतंकी पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं से निर्देश ले रहे थे।

पहलगाम हमले में किया था पाकिस्तान का बचाव, असम विधायक गिरफ्तार

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम आतंकवादी हमले में पाकिस्तान और उसकी संलिप्तता का कथित तौर पर बचाव करने के लिए असम में विपक्षी दल ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के विधायक अमीनुल इस्लाम को गुरुवार को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। इस बीच उनकी पार्टी ने अमीनुल इस्लाम की टिप्पणियों से किनारा करते हुए कहा है कि ये उनके निजी विचार हैं, पार्टी के नहीं। गुवाहटी में असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, हमने एक वीडियो देखा है, जिसमें विधायक अमीनुल इस्लाम पहलगाम हमले में पाकिस्तान और उसकी संलिप्तता का बचाव करते हुए नजर आ रहे हैं। मैंने पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था और पुलिस महानिदेशक ने मुझे सूचित किया है कि विधायक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तारीख गवाह है

आज का इतिहास

नयी दिल्ली 24 अप्रैल (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 25 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1678- फ्रांसीसी सेना ने वाइप्रेस शहर पर कब्जा किया। 1809- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पंजाब के सिख शासक रणजीत सिह के बीच अमृतसर संधि पर हस्ताक्षर किए गए। 1867- जापान की राजधानी टोक्यो में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई। 1954- बेल लैब्स ने न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की। 1957- सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया। 1960- अफगानिस्तान के नरेश अमानुल्लाह खान का निधन। 1968- 20वीं सदी के महान शास्त्रीय गायक और 'तानसेन' के नाम से मशूहर बड़े गुलाम अली का निधन। 1975- सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1981- जापान के सुरूगा में परमाणु संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक मजदूर परमाणु विकिरण का शिकार हुए। 1982- दिल्ली में टेलिविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरु हुआ। 1983- जर्मनी की पत्रिका 'स्टर्न' ने हिटलर की उस विवादास्पद डायरी को छापना शुरू किया। 1989- इथियोपिया में दिमागी बुखार से 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत। यह बीमारी सूडान तक फैली और वहां भी कम से कम 400 लोगों की मौत। 1969- भारत के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी आई. एम. विजयन का जन्म। 1999- वेस्टइंडीज के आल राउंडर खिलाड़ी कार्ल हूपर ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। 2010- भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकॉप्टरों की जगह लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की। 2013- ब्रिटेन ने सोमालिया में अपना दूतावास 27 वर्ष के बाद दोबारा खोला। 2015- नेपाल में भीषण भूकंप से जानमाल का बड़ा नुकसान हुआ।

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 25 अप्रैल, 2025

मेष- आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, मान-सम्मान में वृद्धि, जीवन साथी से सामंजस्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

वृषभ-व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, समस्या के समाधान में स्वयं का निर्णय लाभदायक, सद्विचारों का उदय, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क का लाभ।

मिथुन- आज दिन 10/04 बजे तक मानसिक अशांति, विश्वासघात की आशंका, यात्रा में असुविधा, शेष समय में इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, सुसंदेश।

कर्क- आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आर्थिक व्यापारिक प्रगति, धार्मिक कार्यों में रुचि, प्रसन्नता भी, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभाव, प्रतिष्ठा पर आघात।

सिंह- समझदारी से किया गया निर्णय लाभदायक, नवसम्पर्क से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्त्रोत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, दूर या समीप की यात्रा।

कन्या-साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति की अनुभूति, लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूसरों के आश्वासनों से राहत।

तुला- आज दिन 10/04 बजे तक ग्रहस्थिति विपरीत, जोखिम से हानि, व्यावसायिक निराशा, शेष समय में उत्तरदायित्व की पूर्ति, सफलता, मनोविनोद।

वृश्चिक- आज दिन 10/04 बजे तक व्यवस्थित, व्यक्तित्व का विकास, इच्छाशक्ति जागृत, यात्रा सफल, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्य अधूरे, भाग्य में न्यूनता।

धनु- व्यावसायिक पक्ष में उन्नति का मार्ग प्रशस्त, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, धर्म अध्यात्म की ओर अभिरुचि, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम।

मकर- समस्या का समाधान पक्ष में, आय के नवीन स्त्रोत, जिम्मेदारियों को निभाने के लिए व्यय, शुभ समाचार की प्राप्ति से हर्ष, संभावित यात्रा संतोषजनक, धनागम।

कुम्भ- आज दिन 10/04 बजे तक व्यवधान, शारीरिक कष्ट, मित्रों से मतभेद, दुर्घटना की आशंका, शेष समय में आर्थिक प्रगति, योजना कार्यान्वयन, राजकीय लाभ।

मीन- आज दिन 10/04 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, शुभ भावनाओं का उदय, मनोरथ सिद्धि, शेष समय में जोखिम के कार्य से नुकसान, वैचारिक अस्थिरता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1250-1300, चाकू 1450-1735, लड्डू 1500-1575, खुरपापाड़ 1450-1490, शक्कर मसाला 1580-1590, आमद- 4000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	97,500	चांदी-	99200
सिक्का-	11000	गिन्नी-	72650

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आज खतौली बंद का आह्वान

खतौली, 24 अप्रैल (बु.)। पहलगाम आतंकी हमले से आक्रोशित लोगों द्वारा जहां नगर में आज कैंडल मार्च व प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा वहीं आतंकी हमले को लेकर आज नागरिकों द्वारा खतौली बंद की घोषणा की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आर्य समाज शिवपुरी में आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए एक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के जिला प्रधान सत्येन्द्र पाल आर्य, ऑल इंडिया कौमी एकता कमैटी अध्यक्ष समाजसेवी अशोक शर्मा ने कहा कि कश्मीर को विश्व का स्वर्ग कहा जाता है, वहां ऐसी जघन्य घटना होना वास्तव में पाप की श्रेणी में आता है। इस घटना से सम्पूर्ण भारतवासियों में आक्रोश है। वक्ताओं ने हमले में मारे गए निर्दोषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आतंक के जन्मदाता पाकिस्तान के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की। इससे पूर्व आर्य समाज शांति यज्ञ का आयोजन किया गया तथा हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अजेश आर्य पुरोहित द्वारा सम्पन्न कराये गए यज्ञ में सत्येन्द्र आर्य यजमान रहे। इस दौरान जगदीश प्रधान, मदन छाबड़ा, सुनील, रामानंद आर्य, धीरेन्द्र आर्य, विकास आर्य, राजेन्द्र खारी, चरण सिंह, आयुष आर्य, बृजगोपाल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा पहलगाम आतंकी हमले को लेकर ग्रामीणों द्वारा कैंडल जलाकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घटना के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू अहलावत, राहुल चौहान, सचिन अहलावत, राजेन्द्र सिंह जड़ौदा, मिंटू, राजपाल, राजेन्द्र पंडित आदि ग्रामीण मौजूद रहे। इसी क्रम में नगरवासियों द्वारा आज 9 बजे से बड़ा बाजार स्थित श्री जैन मंदिर सर्राफान से विशाल जुलूस निकालने व घटना के सम्बंध में नगर भ्रमण के बाद कोतवाली पहुंचकर उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपने की घोषणा की गयी है, जिसे लेकर जहां नागरिकों द्वारा बाजारों में भ्रमण कर पम्पलेट बांटने का क्रम जारी बना हुआ है तथा लाउडस्पीकर द्वारा नगरवासियों से जुलूस में शामिल होने की अपील की जा रही है।

नर्मदा शंकर पुरी जी महाराज के श्रीमुख से हुआ अग्रसेन जी की कथा का प्रवचन

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बुस.)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्र भागवत कलश यात्रा का शुभारंभ अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में शिव मंदिर लक्ष्मण विहार से प्रारंभ होकर आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल पर समाप्त हुई। श्री अग्र भागवत कथा मुजफ्फरनगर जिले में पहली बार आयोजित की गई है, जिसमें कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पुरी जी महाराज के श्रीमुख से जिसमें अग्र सेन जी की कथा का प्रवचन प्रारंभ हुआ, महामंडलेश्वर जी ने बताया कि कलयुग के अवतारी दिनों के मसीहा समाजवाद के प्रवर्तक अहिंसा के पुजारी भगवान अग्रसेन जी का जन्म द्वापर के अंत में सूर्यवंशीपरम प्रतापी सम्राट महाराज वल्लभ सेन जी के यहां पर हुआ। टांडी ऋषि के आश्रम में उन्होंने शिक्षा ग्रहण की और बहुत ही कम समय में वेदों का पुराणों का उपनिषदों का ज्ञान प्राप्त किया। 15 वर्ष की उम्र में महाभारत का युद्ध लड़ा। भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं पांडवों को विजय श्री दिलाकर अपने प्रतापपुर में आए। गगार्चार्य जी महाराज के आश्रम में माता लक्ष्मी जी की भव्य मूर्ति बनाकर के लाखों मंत्रों से प्राण-प्रतिष्ठा करके माता लक्ष्मी को प्रसन्न किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। माता लक्ष्मी की सजीव झांकी के दर्शन भी श्रोताओ ने किए। द्वितीय दिवस की कथा में अग्रोहा नगरी का निर्माण, नाग राज महिधर की कन्या माधवी से विवाह आदि का प्रसंग सुनाया एवं विवाह की जीवंत झांकी के दर्शन भी करवाए। महाराजा अग्रसेन जी के 18 पुत्रों की झांकी एवं राज दरबार की व्यवस्था, शासन व्यवस्था का वर्णन किया। महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों को ऋषि गोत्र में बांटकर गोत्र व्यवस्था बनाई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक कंसल, भाजपा नेता श्री मोहन तायल, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, अभिमन्यु गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद मित्तल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री विनोद संगल, जिला अध्यक्ष अंकुर गर्ग, जिला महामंत्री टोनी बिंदल, कोषाध्यक्ष विश्वदीप गोयल युवा प्रदेश अध्यक्ष, रेणु गर्ग प्रदेश अध्यक्ष, ममता अग्रवाल प्रदेश महामंत्री महिला, नीति अग्रवाल जिलाअध्यक्ष महिला, दीपा अग्रवाल ने महालक्ष्मी के सुंदर रूप में कन्या का पूजन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भीम कंसल, राकेश बिंदल, सतीश गोयल, राजेश गोयल, परमकीर्ति शरण, प्रगति कुमार, जेपी गोयल, ब्रजकुमार, राजेंद्र सिंघल, लोकेश चंद्रा, बीएम गुप्ता, रामकुमार तायल, शिशुकांत एडवोकेट, अरुण गोयल, शिव कुमार संगल, शशि राज गुप्ता, श्यामलाल दाल वाले आदि गणमान्यगण उपस्थित रहे।

त्यागी भूमिहार महासभा व भाकियू सर्व ने आतंकवादी हमले पर जताया दुख, सौंपा ज्ञापन

चरथावल, 24 अप्रैल (बु.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से देशवासियों में आक्रोश है। गुरुवार को भाकियू सर्व व त्यागी भूमिहार महासभा ने आतंकवादी हमले पर दुख जताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा और कठोर कार्रवाई की मांग की है। चरथावल विकासखण्ड पर गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में भाकियू सर्व के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश भारद्वाज व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान चौकडा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने आतंकवादी हमले पर दुख जताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह को सौंपा। उन्होंने कठोर कार्रवाई की मांग की। सतीश भारद्वाज व काला प्रधान ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि बेरहम हत्यारों को फांसी की सजा और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी दी जाए। इस अवसर पर अंकित गोयल,सलमान त्यागी प्रदेश महासचिव, वाजिद अंसारी युवा ब्लॉक अध्यक्ष, फैजान युवा ब्लॉक प्रभारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि सिम्मा त्यागी, भाकियू सर्व, मैनुदीन, मासूम, उस्मान, ऐजाज, सतीश, बिल्लू, मुजीब आदि मौजूद रहे।

पहलगाम की घटना पर रोष, दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा सैलानियों का धर्म पूछकर गोलियां बरसाकर निर्दोष लोगों की दर्दनाक हत्या किए जाने को लेकर गुरूवार को भी देशभर में शोक के साथ जिले में आक्रोश जारी रहा। इस घटना के विरोध में गुरूवार को विभिन्न संगठनों ने विरोध दर्ज कराते हुए हमले की निंदा की और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सरकार से आतंकवादियों के साथ ही उन्हें संरक्षण देने वाले पड़ौसी पाकिस्तान के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। गुरूवार को पहलगाम घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए समाजवादी पार्टी कार्यालय पर इस दौरान महानगर अध्यक्ष पुष्पेन्द्र त्यागी बोबी, सपा नेता राकेश शर्मा व जिलाध्यक्ष जिया चौधरी आदि ने नरसंहार की निंदा करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। उन्होंने भारत सरकार से घटना की जांच किए जाने के साथ इस घटना के दोषियों को कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की। अम्बेडकर युवा मंच की ओर से शाकुन्तलम में आयोजित शोक सभा में पहलगांव में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भाव पूर्ण श्रृद्धांजलि दी गई। मंच के प्रदेश अध्यक्ष राधेश पप्पू ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए इस घटना का कायराना हरकत बताया। इस दौरान सुखबीर सिंह, अनिल पिपिल, प्रभात कुमार, मुकेश, अरविन्द मौर्य, हरपाल सिंह, सतपाल, भानु प्रताप, धनीराम आदि मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर प्लाईवुड एंड ग्लास एसोसिएशन की प्रथम साधारण सभा हुई सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बुस.)। मुजफ्फरनगर प्लाईवुड एंड ग्लास एसोसिएशन की प्रथम साधारण सभा प्लासा होटल एंड रिसोर्ट में की गई, जिसमें सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष शिवशंकर मित्तल को पूर्व अध्यक्ष मयंक सिंघल ने माल्यार्पण कर अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा। सचिव संजीव बत्रा एवं कोषाध्यक्ष आलोक तायल को भी गत वर्ष के सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा इस वर्ष का कार्यभार सौंपा गया। अध्यक्ष शिवशंकर मित्तल द्वारा एसोसिएशन के सभी सदस्यों का उन्हें अध्यक्ष पद हेतु चुनने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया एवं आने वाले सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। एसोसिएशन में हाल ही में पहलगांव में हुए आतंकवादी घटना में बर्बरतापूर्वक हुए नरसंहार के लिए सभा में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात रात्रिभोज के उपरांत सभा समाप्ति की घोषणा की गई। सभा में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के अलावा पूर्व अध्यक्ष मयंक सिंघल, पूर्व कोषाध्यक्ष आनंद बंसल, राकेश अरोरा, गिरीश अरोरा, अश्वनी बंसल, अजय कपूर, नीरज बंसल, संजीव पाहुजा, शिवम मलिक, प्रशांत जैन, दिनेश जैन, नरेश अग्रवाल, हिमांशु माहेश्वरी, अमित माहेश्वरी, सुधीर अग्रवाल, मोनू भाई, मधुर भाई, घनश्याम, हितेश खुराना आदि उपस्थित रहे।

व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल ने कैंडल मार्च निकाला

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बुस.)। व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में न्यू मंडी में कैंडल मार्च निकाला। बृहस्पतिवार को व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल के द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए विशाल कैंडल मार्च निकाला ओर निर्दोष लोगों के हत्यारे आतंकवादियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला महामंत्री जनार्दन विश्कर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सारे देश में आतंकवाद के खिलाफ गुस्सा है। निर्दोष व्यक्तियों की हत्या के खिलाफ जन आक्रोश है। इसी परिप्रेक्ष्य में शलभ गुप्ता जिलाध्यक्ष एवं न्यू मंडी इकाई अध्यक्ष अंकुर जैन, नगर महामंत्री विजय बाटा, जिला सह महामंत्री राजेश भाटिया, पीठ बाजार इकाई अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में बिंदल चौराहे से विशाल कैंडल मार्च निकाला गया। सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों ने एकत्रित होकर बिंदल चौराहे पर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उसके उपरान्त कैंडल मार्च निकालकर केंद्र सरकार से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। शोक सभा में इस प्रकार की घटना की घोर निंदा की गई और निर्दोष व्यक्तियों की धर्म के आधार पर नाम पूछ-पूछकर हत्या करना किसी बड़े षड्यंत्र का होना दर्शाता है, ऐसे घृणित अपराधियों को को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी, जिससे आगे से ऐसे अपराधी इस प्रकार का अपराध करते हुए सो बार सोचेंगे। शलभ गुप्ता जिलाध्यक्ष और कृष्ण गोपाल मित्तल व्यापारी नेता ने कहा कि आज सारा देश एकजुट है और मृतक परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है देश का हर नौजवान, बच्चा, बुजुर्ग, महिलायें सब आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर देश और सरकार के साथ खड़े हैं। आज हर वर्ग की आँखों में आंसू है। अब पानी सर से ऊपर हो गया है, जब धर्म ओर नाम पूछ-पूछकर हत्या की जाने लगे, तो ये एक बड़ा षड्यंत्र धार्मिक जेहाद को दर्शाता है, जो देश को तोड़ने की बड़ी साजिश लगती है। आतंकवादी और आतंकवाद के आका ये समझ ले हिन्दुस्तान एक है एक रहेगा, अगर देश के व्यापारी को देश के लिए जान भी देनी पड़ेगी, तो पीछे नहीं हटेंगे। हाथों से तराजू उतार हथियार उठा कर देश के बॉर्डर पर वीर सैनिकों के साथ आखरी खून के कतरे तक लड़ेंगे और आतंकवाद को खत्म करने में सरकार का सहयोग करेंगे। मुख्य रूप से शलभ गुप्ता, कृष्ण गोपाल मित्तल, जर्नादन विश्वकर्मा, विजय बाटा, मनोज गुप्ता, अंकुर जैन, शिवा सिंघल, राजेश भाटिया, संजय मिश्रा, राकेश त्यागी, सुनील तायल, संजय गुप्ता, विशाल गोयल, अमित अरोरा, डिम्पी अरोरा, अमित वर्मा, ऋषि धीमान, पंकज जैन, गौरव कुछल, नमन राजवंशी, विनय, संदीप, जयकुमार, दीपक मित्तल, सूरज गुप्ता, नरेश बंसल, कृष्ण पाल अरोरा, हरिओम शर्मा, राजीव सेठी, हिमांशु गोयल, प्रवीण उपाध्याय, विनीत धीमान, सचिन शर्मा, विक्की चावला, मोहन अरोरा, रोबिन संगल, दीपक गर्ग, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, विपिन गुप्ता, अरविन्द सैनी, अमित जैन, जय भगवान बंसल, मनीष पाल, सुशील सिंघल, सुनील जुनेजा, विवेक अग्रवाल, पवन वर्मा, सरदार बलविंदर सिंह, विनोद विश्वकर्मा, प्रशांत शर्मा, रवि शर्मा, सुभाष चन्द मित्तल, विनोद जुनेजा, मनोज कुमार, दीपक शर्मा, विशाल, तरुण, अमित, अश्वनी जैन, कार्तिक गुप्ता, मनीष ट्रेडर्स, दिनेश बंसल, दर्शन सिंह, अजय वर्मा, राकेश जैन, कपिल अरोरा, गिरीश पाहुजा, राजू भाई, अजय अरोरा आदि सैकड़ों व्यापारीगण मौजूद रहे।

शाहपुर के गांव गोयला में 7 मई को प्रधानी की दोबारा मतगणना के आदेश

शाहपुर, 24 अप्रैल (बु.)। विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव गोयला में वर्ष 2021 में हुए प्रधानी चुनाव को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद पर अब निर्णायक मोड़ आ गया है। उपजिलाधिकारी बुढ़ाना की कोर्ट ने सात मई को प्रधानी चुनाव की पुनः मतगणना का आदेश दिया है। यह मतगणना बुढ़ाना तहसील के सभागार में संपन्न होगी, जिसमें पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। यह मामला तब शुरू हुआ, जब सुभाषचंद पुत्र श्रीचंद ने 23 जुलाई 2021 को कोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती देते हुए पुनः मतगणना की मांग की थी। उक्त चुनाव में धर्मपाल सिंह को 18 मतों से विजयी घोषित किया गया था, लेकिन सुभाषचंद ने मतगणना में गड़बड़ी की आशंका जताई थी, तभी से वह न्याय की गुहार में न्यायालय के चक्कर काटते आ रहे थे। करीब चार वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार कोर्ट ने सुभाषचंद के पक्ष में फैसला देते हुए पुनः मतगणना का आदेश पारित किया। इस आदेश के साथ ही ग्रामवासियों और प्रत्याशियों की नजरें सात मई को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं, जो ग्राम गोयला की राजनीति में एक बार फिर हलचल मचा सकती है। गौरतलब है कि वर्तमान प्रधान का कार्यकाल अब अपने अंतिम चरण में है, ऐसे में मतगणना का यह फैसला पंचायत राजनीति में नया मोड़ ला सकता है।

संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली, मेरठ रैफर

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। कूकड़ा ब्लॉक में युवक को संदिग्ध हालत में गोली लगने की घटना मंगलवार देर रात सामने आई, जिसमें घायल युवक चांद मोहम्मद पुत्र मंगता निवासी कूकड़ा को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे प्रथम उपचार देने के बाद मेरठ रैफर कर दिया गया। घायल ने बताया कि उसको कुछ लोगों ने रंजिश में गोली मारी है, लेकिन पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

ओवैसी ने कहा, इस्लाम के नाम पर मासूमों की हत्या की इजाजत नहीं

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसी)। एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने देश के मुसलमानों से अपील की है कि शुक्रवार को जब वो नमाज पढ़ने मस्जिद में जाएं, तो अपनी बांह पर काली पट्टी बांधकर जाएं। उन्होंने इसको लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया साइट एक्स पर जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा है कि किसी को भी इस्लाम के नाम पर मासूम लोगों की हत्या करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। इसलिए पहलगाम आतंकी हमले की भरपूर आलोचना की जानी चाहिए। ओवैसी ने एक्स पर लिखा है, "कल जब आप नमाज-ए-जुम्मा पढ़ने जायेंगे, तो आपने बांह पर काली पट्टी बांधकर जाएं। इस से हम यह पैगाम भेजेंगे कि हम भारतीय विदेशी ताकतों को भारत के अमन और इत्तेहाद को कमजोर करने नहीं देंगे। इस हमले की वजह से हार-परस्तों को हमारे कश्मीरी भाइयों निशाना बनाने के मौका मिल गया है। तमाम भारतीयों से मैं अपील करता हूं के वो दुश्मन के चाल में ना फंसे।"

पहलगांव में शहीद हुए हिंदू परिवारों की स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बुस.)। शिवसेना व महिला मोर्चा क्रांति सेना की ओर से पहलगांव में शहीद हुए हिंदू परिवारों की स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। राष्ट्रीय कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए राष्ट्रीय महासचिव संजीव शंकर ने कहा कि आज स्थिति हिंदू के लिए सबसे हास्यास्पद हो गई है। हिंदुस्तान में ही हिंदू सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार निरंतर हिंदू को धोखे में रखती रही आम नागरिक को कि जम्मू कश्मीर आतंकवाद रहित हो गया, यह सोचकर ही वहां पर्यटक जाना शुरू हुए, परंतु अमरनाथ यात्रा से ठीक पहले की घटना से पूरा हिंदू समाज आक्रोशित है। जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा यदि भाजपा पर कोई हल नहीं निकल रहा, तो हम महिलाओं को अवसर प्रदान करें कि हम कोई शक्तिशाली करवाई इस आतंकवादी के खिलाफ कर सकें। मंडल प्रभारी शरद कपूर ने कहा आतंकवाद का बदला आतंकवाद से ही हो, तभी हिंदू सुरक्षित रह सकता है। श्रद्धांजलि सेवा में मुख्य रूप से पूनम चौधरी जिलाध्यक्ष, शरद कपूर मंडल अध्यक्ष, देवेंद्र चौहान महानगर अध्यक्ष, संजीव वर्मा जिला उपाध्यक्ष, पूनम चाहल जिला उपाध्यक्ष, मिथिलेश गिरी जिला सचिव, अंजू त्यागी जिला महामंत्री, कंचन बतला संगठन मंत्री, राखी मित्तल, सविता गौतम जिला उपाध्यक्ष, मधु तायल सचिव, शालू चौधरी, जिला उपाध्यक्ष, राजेंद्र तायल, अमित गुप्ता, उज्ज्वल पंडित आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शादी के एक माह बाद ही नवविवाहिता लाखों के जेवर लेकर फरार

मीरापुर, 24 अप्रैल (बु.)। क्षेत्र के एक गांव निवासी नवविवाहिता घर में रखी दो लाख की नकदी व जेवर लेकर फरार हो गयी। विवाहिता के पति ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि एक माह पूर्व भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती के साथ उसकी शादी हुई थी। बुधवार की देर रात जब वह सो गया, तो उसकी नवविवाहिता धर्मपत्नी घर में रखी दो लाख रुपयों की नकदी तथा सोने व चांदी के जेवरात लेकर रात्रि में ही चुपचाप घर से फरार हो गई। सवेरा होने पर उसे पत्नी गायब मिली, जिससे उसके होश उड़ गए। पीड़ित पति ने नवविवाहिता के गांव की ही रहने वाली दो महिलाओं समेत पांच लोगों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बुस.)। स्थानीय ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में अभिभावकों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम संपन्न हुआ। ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कक्षा प्री नर्सरी से यू. के. जी. तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रोग्राम में विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए छात्र जीवन के विकास के लिए स्कूल और घर के संबंध को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। छात्र-छात्राओं में नैतिक मूल्यों के विकास में अभिभावकों का बहुत अधिक योगदान है। विद्यार्थियों को समय से स्कूल पर पहुँचना, समय पर उठना समय पर गृह कार्य पूरा करना व नैतिक मूल्यों, आदतों व रुचियों का विकास किस प्रकार हो सकता है इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने छात्रों के नियमित अध्ययन पर बल दिया और उसके लिए अभिभावकों को समयसारणी बनाकर अपने बच्चों को अध्ययन के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। हेडमिस्ट्रेस ने छात्र जीवन की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु भी अभिभावकों से बात की। सभी अभिभावकों ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम में की गई चर्चाओं को बहुत ही लाभप्रद व महत्वपूर्ण बताया। अंत में हेडमिस्ट्रेस ने सभी अभिभावकों को उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। विद्यालय में छात्र व छात्राओं को टिटनेस और डिप्थीरिया के इंजेक्शन लगाए गए। सरकार की तरफ से चलाया गया यह अभियान बच्चों में टिटनेस और डिप्थीरिया को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में कार्य कर रहा है। आज विद्यालय में बच्चों को कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विषय में भी बताया गया एवं इस हमले में हुए मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए बच्चों से गायत्री मंत्र का पाठ भी कराया गया।

नीलामी सूचना

पृ0 सं0: प्रबन्ध/नीलामी/33-34/2025/26 दिनांक 16/04/2025

सर्

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

पाकिस्तानी दहशतगर्द, दहशत में

भारत सरकार द्वारा उठाए गये कदमों से पाकिस्तान में खलबली है। पाकिस्तान के नेता घबराए हुए अंट-शंट बयानबाजी कर रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत में रोष है, क्रोध है, तो पाकिस्तान में खौफ है। पाकिस्तान के कुछ नेता और कुछ बुद्धिहीन बुद्धिजीवी अपनी बिसात से ज्यादा बोलने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में जो कुछ कहा है, उससे पाकिस्तानी दहशतगर्द, दहशत में हैं। भारत में भी कुछ अजीबो गरीब नेता हैं, जो इस घड़ी में भी घटिया राजनीति कर रहे हैं, उनके प्रवक्ता चैनलों पर बैठ कर अपने कुतर्कों से अपनी मूर्खता का परिचय दे रहे हैं। इस जघन्य हत्याकाण्ड ने हर देशवासी का दिल दुखाया है, जो लोग इस हमले पर घटिया सियासत कर रहे हैं, उनसे कोई अच्छी उम्मीद नहीं की जा सकती, उनका जीवन ही निकृष्ट राजनीति को समर्पित है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी कल पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। बिहार के मधुबनी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकियों और आतंक की साजिश रचने वालो को सख्त संदेश दे दिया। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भी यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में पहले पहलगाम में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और वह माइक के सामने हाथ जोड़कर खड़े रहे। इसके बाद उन्होंने अपना संबोधन समाप्त होने से पहले कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई मराठी था, कोई उड़िया, कोई गुजराती था कोई यहां बिहार का लाल था। उनकी मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है, हमारा आक्रोश एक जैसा है। यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। इसके बाद पीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं, जिन्होंने यह हमला किया, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को, उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिलकर रहेगी। पीएम मोदी ने कहा कि अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है, 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। इसके बाद उन्होंने अंग्रेजी में अपने बयान को दोहराया और पूरी दुनिया को मैसेज देते हुए कहा कि भारत आतंकियों की पहचान कर हर एक आतंकी और उनके आकाओं को सजा देकर रहेगा। पीएम मोदी ने दुनिया के उन तमाम नेताओं का भी आभार जताया, जो मुश्किल घड़ी में भारत के साथ खड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हम धरती के अंतिम छोर तक उन आतंकियों का पीछा करेंगे। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इस दिशा में दृढ़ है। हर शख्स जिसका मानवता में विश्वास है, वो हमारे साथ है। शांति और सुरक्षा,ये तेज विकास की सबसे जरूरी शर्त है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई के जवाब में अब पाकिस्तान ने भी कई कदम उठाने की घोषणा की है। पाकिस्तानी नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक में कई फैसले लिए गए। इनमें भारत के साथ द्विपक्षीय समझौतों को निलंबित करने, हवाई क्षेत्र और सीमाओं को बंद करने तथा व्यापार को निलंबित करने की घोषणा की गई है। भारत की तरह पाकिस्तान ने भी रक्षा सलाहकारों और उनके सहायकों को देश छोड़ने को कहा है। साथ ही अपने राजनयिक स्टाफ को सीमित कर दिया है। इस बैठक के वक्तव्य में सिंधु जलसंधि को निलंबित करने के भारत के निर्णय को नामंजूर करते हुए कहा गया कि इस संधि के तहत पाकिस्तान के हिस्से से पानी के प्रवाह को रोकने या मोड़ने का कोई भी प्रयास युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और इसका पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों की जानबूझकर अवहेलना करने के भारत के लापरवाह और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को देखते हुए, पाकिस्तान शिमला समझौते सहित भारत के साथ सभी द्विपक्षीय समझौतों को निलंबित करने के अधिकार का प्रयोग करेगा, जब तक कि भारत पाकिस्तान के भीतर आतंकवाद को बढ़ावा देने, विदेशों में हत्याएं करने और कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का पालन न करने के अपने व्यवहार से बाज नहीं आता। पाकिस्तान की इस कवायद को उसकी खी-ा कहा जा रहा है। इसी बीच जो खूंखार दहशतगर्द इस हमले से पहले अपने वीडियो में बहुत उछल रहा था, जो पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड है, वह अब दहशत में है और दुनिया के सामने गिड़गिड़ा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड सैफुल्लाह कसूरी लश्कर का खूंखार आतंकी है, सैफुल्लाह को खालिद और अबू मूसा के नाम से भी जाना जाता है और वह हाफिज सईद का खास है। इस दहशतगर्द का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह दहशत में लग रहा है और कह रहा है, मैंने कुछ नहीं किया है। भारत मुझ पर और पाकिस्तान पर इस हमले का झूठा आरोप लगा रहा है। इससे दुनियाभर में पाकिस्तान की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे जिन आतंकियों का हाथ था, उनसे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। आतंकी हमले से चार दिन पहले ही सैफुल्लाह ने 18 अप्रैल को पीओके के रावलकोट में एक रैली की थी, जिसमें उसने भारत, पीएम नरेन्द्र मोदी और हिंदुओं के खिलाफ जमकर जहर उगला था। सैफुल्लाह ने जम्मू और कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले का पुरजोर विरोध करते हुए कश्मीर में जिहाद फैलाने और कत्लेआम मचाने की धमकी दी थी, लेकिन अब यह दहशतगर्द, दहशत में है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"ढंग" "कुर्सी" "सलीका" "सियासत"

जरा बोलो या बहुतेरा, कभी ढंग का नहीं बोले,
मिली कुर्सी मगर तुमको सलीका कुछ नहीं आया।
न जाने किस नशे में हो, घिरे हो कैसे चमचों से,
सियासत का सही रस्ता,कोई तुमको न दे पाया।

यूपी में घटेगा बिजली बिल, पौने 4 करोड़ उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत, पहली बार होगी इतनी कटौती

लखनऊ, 24 अप्रैल (एजेंसी)। यूपी में बिजली बिल से जुडी बड़ी खबर सामने आ रही है। यूपी में बिजली उपभोक्ताओं को मई माह में राहत मिलेगी। बीते कई दशक में पहली बार बिजली बिल में 2% की कमी होगी। यूपी के करीब 3.45 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं के बिल में 2% की कमी होगी। मई माह में 2% फ्यूल सरप्लस चार्ज की कटौती की जाएगी। यूपीपीसीएल ने अप्रैल माह में 1.24% ईंधन अधिभार शुल्क लगाया था। अब हर माह बिजली बिल में ईंधन अधिभार शुल्क या तो घटेगा या फिर बढ़ेगा। डीजल/पेट्रोल की तर्ज पर बिजली बिल हर माह बढ़ेगा/घटेगा। यूपी विधुत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने यह जानकारी दी। फिर यूपीपीसीएल आगे भी ईंधन अधिभार शुल्क नहीं बढ़ा सकेगा। फरवरी में 170 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं का सर प्लस निकला है। विधुत उपभोक्ता परिषद के मुताबिक, यूपीपीसीएल पर उपभोक्ताओं का कुल 33122 करोड़ रुपये बकाया है। अवधेश वर्मा ने कहा कि यूपीपीसीएल ने बिना उपभोक्ताओं के पैसे अदा किए बिजली बिल में बढ़ोत्तरी क्यों की। यूपी राज्य विधुत उपभोक्ता परिषद नियामक आयोग में विरोध करेगा। दो दिन पहले ही खुलासा हुआ था कि करीब पांच साल बाद उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड ने गुपचुप तरीके से अप्रैल माह में बिजली बिल में बढ़ोत्तरी की है। अप्रैल महीने के बिल में सभी उपभोक्तओं को 1.24% अधिक बिजली का बिल देना पड़ेगा। यूपीपीसीएल ने फ्यूल सरचार्ज के तौर पर बढ़ोत्तरी की है। आसान भाषा में कहा जाए तो जितना लोड होगा, उसी हिसाब से आपका बिजली का बिल भी बढ़ता या घटता रहेगा। अप्रैल से इस लोड सरचार्ज को लगाया गया है। दरअसल, पिछले दिनों उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन-2025 के तहत बिजली कंपनियों को हर महीने फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज तय करने का अधिकार दिया है। आयोग से मिले इसी अधिकार के तहत प्रदेश में पहली बार उपभोक्ताओं से अप्रैल में फ्यूल सरचार्ज वसूलने का आदेश दिया गया है।

शिवचौक पर जूतों से मसला गया पाक का झंडा, जताया रोष

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। जम्मू कश्मीर में इस्लामी आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं की हत्या के विरोध में शिव सैनिकों ने शिव चौक पर पाकिस्तान का झंडा फूंकते हुए विरोध प्रदर्शन किया। शिवसेना नेता मनोज सैनी के आह्वान पर तहसील मार्किट स्थित कार्यालय पर एकत्र हुए शिव सैनिक वहां से इस्लामी आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए शिवचौक पर पहुंचे और जान के बदले जान और खून के बदले खून जैसे नारे लगाते हुए पाक के झंडे को जूते मारकर आग के हवाले किया। शिवसेना नेता डॉ. योगेंद्र शर्मा व लोकेश सैनी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जिस तरह से इस्लामी आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर हिंदू भाइयों का कत्लेआम किया उसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि तुरंत पाकिस्तान व पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के कैंपों पर हमला किया जाए और भारत में जेल में बंद आतंकवादियों का समर्थन करने वाले व उन्हें इस बीच कानूनी सहायता करने वाले लोगों को चिन्हित कर उन्हें भी आतंकवादी घोषित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से बिट्टू सिखेड़ा, पंकज भारद्वाज, राजेश कश्यप, जितेंद्र गोस्वामी, अमरीश त्यागी, पुष्पेंद्र सैनी, गौतम कुमार, आशीष शर्मा, गोपी वर्मा, चेतन देव विश्वकर्मा, डॉ. सचिन कुमार, विशाल सिंघल, अनुज भारद्वाज, संजय पुंडीर, नवनीत पुंडीर, सुरेंद, विकास, अक्षय शर्मा, राजीव गर्ग, राज कुमार सैनी, राजू कुमार, भारत राजपूत, सूरज, शिवम पंडित, राहुल वाल्मीकि, सोनू गुप्ता आदि शामिल रहे।

जैन समाज ने महावीर चौक पर पहलगाम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। जम्मू-कश्मीर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा सैलानियों पर कायरतापूर्ण हमला किए जाने और उसमें लोगों को निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में गुरूवार को मुजफ्फरनगर के तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी चौक पर सकल जैन समाज के लोगों ने एकत्रित होकर दुःखी मन और आंखों में आंसुओं के साथ हमले में शहीद लोगों को मोमबती जला कर, नवकार मंत्र का जाप किया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही एकजुट होकर सभी ने यह मांग रखी कि सरकार शहीदों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपएं और गंभीर घायलों को 50-50 लाख व सामान्य घायलों को 25-25 लाख की मदद करें। इसके साथ घायलों के उपचार बेहतर से बेहतर हॉस्पिटल में हो। जैन एकता मंच युवा शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि यह समय देश में एक जुट होकर देशविरोधी ताकतों से लड़ने का है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस बार जवाब ऐसा हो कि आतंकवाद पुनः सर न उठा सके। इस दौरान वक्ताओं ने यह भी कहा कि मंथन अवश्य होना चाहिये व ऐसी घटनाओं को रोकने की जिम्मेदारी जिनकी है उनकी जिम्मेदारी तय हो, ताकि फिर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। इस दौरान श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से विप्लव जैन, प्रवीण जैन चीनू, कीमती लाल जैन, अश्वनी जैन, जैन बाल संस्कार चैनल के संचालक अरिहंत जैन अभिषेक, दीपेश जैन, रिक्की जैन, आशीष जैन, अश्वनी जैन, सिद्धांत जैन, अखिलेश जैन, राकेश जैन, मनोज जैन, सुनील जैन, विनोद जैन, राजीव जैन, संजय जैन, योगेंद्र जैन एड, संजीव जैन, अरविंद जैन, कुलदीप जैन, महिपाल जैन, अनमोल जैन, दिनेश जैन, अशोक जैन, सीमित जैन मौजूद रहे।

कैंडल मार्च निकाला, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

बुढ़ाना, 24 अप्रैल (बु.)। पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद कस्बे और देहात में लोगों का गुस्सा रुकने का नाम नही ले रहा है। कस्बे में भाजपा नेता और काफी व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और वंदे मातरम और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कस्बे के महावीर तिराहे पर पहुंचकर आतंकवाद का पुतला जलाया गया। पूर्व घोषणा के अनुसार बृहस्पतिवार को शाम करीब 06 बजे कस्बे के व्यापारी और भाजपा नेता पैंठ बाजार में एकत्र हुए। पूर्व चेयरमैन जितेंद्र त्यागी ने कहा कि आज हिंदुस्तान में ही हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं, जो बर्दाश्त के काबिल नहीं है। हमें आतंकियों को सबक सिखाना होगा। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि सभ्य दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह नरसंहार अस्वीकार्य है। इस मौके पर भाजपा नेता व व्यापारियों ने वंदे मातरम व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। यहां जुलूस के रूप में हाथों में मोमबत्तियां लेकर भाजपा कार्यकर्ता व व्यापारी पैंठ बाजार, बड़ा बाजार व छोटा बाजार से होते हुए कस्बे के महावीर तिराहे पर पहुंचे। भाजपा नेता और व्यापारियों ने आतंकवाद का पुतला जलाया। इस मौके पर व्यापारी नेता राजेश संगल, कश्यप समाज खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप, डॉक्टर शेखर कुमार, सुशील तायल, अमरीश कुमार, दिनेश कुमार, हिमांशू संगल, रामनरेश, मोनू मलिक और भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर सहित दर्जनों व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन ने पंचायत आयोजित की

मीरापुर, 24 अप्रैल (बु.)। गांव देवल स्थित भूरी वाले बाबा गुरुद्वारे पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में राजमार्ग के चौड़ीकरण के कारण गुरुद्वारे में हो रही असुविधाओं को लेकर विचार व्यक्त किए गए। भाकियू जिलाध्यक्ष ने एसडीएम जानसठ को ज्ञापन देकर असुविधाओं का समाधान कराने की मांग की। गुरूवार को भाकियू जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी ने सैकड़ों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ देवल स्थित गुरूद्वारा में पंचायत की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि गुरूद्वारा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। निर्माणधीन सड़क बहुत ऊंचाई पर बनाई जा रही है, जिस कारण गुरूद्वारे में आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर भाकियू के पदाधिकारियों और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से बात की। भाकियू ने एक मांग पत्र एसडीएम जानसठ को सौंपा। एसडीएम ने जल्द ही समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। पंचायत की अध्यक्षता प्रदेश सचिव पंडित ओम प्रकाश शर्मा ने और संचालन चौधरी शक्ति सिंह ने किया। जिलाध्यक्ष हरिद्वार विजय शास्त्री, सरदार सुब्बा सिंह, संयुक्त किसान मोर्चा सदस्य उत्तराखंड व मुजफ्फरनगर के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा बाबा जग्गा सिंह सहित सिख समाज से सैकड़ों किसान और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

एसडी कॉलेज मार्केट एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी व मार्केट के सभी व्यापारियों ने दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बुस.)। आज मंदिर प्रांगण में एसडी कॉलेज मार्केट एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी एवम मार्केट के सभी व्यापारी की सभा हुई, जिसमें सभी व्यापारियों ने पहलगाम कश्मीर में हिंदुओं पर जघन्य अपराध की कड़ी निंदा की गई तथा प्रेस के माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे जघन्य अपराध करने वाले व उनके आकाओं को फांसी देनी चाहिए। पूरा देश इसकी दुखी मन से निंदा कर रहा है। ऐसी दुख की घड़ी में सभी ने मौन धारण किया व प्रार्थना की गई। भगवान दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा पीछे शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। ऐसी दुख की घड़ी में राकेश कंसल, योगेश सिंघल, अनिल नामदेव, विजय तागरा, श्याम जसूजा, रमेश साई, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, संजीव गोयल, अनुराग गर्ग, आकाश कुमार, नरेश अरोरा, रमेश खुराना, संदीप, मनीष जैन, राधेश्याम तायल, पंकज गर्ग, राजेश ग्रोवर, नरेश पोपली, वीरेंद्र कुमार, अनिल आहूजा, अनिल गर्ग, विकास गर्ग, अचिन कंसल, अजय ग्रोवर, विपिन मित्तल, योगेंद्र जैन, रविंद्र जैन, आकाश कक्कड़, अरविंद जैन आदि सैकड़ों व्यापारी गमगीन माहौल में उपस्थित रहे।

अवैध प्लॉट निर्माण को ध्वस्त किये जाने से भू स्वामियों में हड़कम्प मचा

खतौली, 24 अप्रैल (बु.)। एमडीए द्वारा नगर क्षेत्र में मानचित्र स्वीकृत कराने बिना अवैध प्लॉट निर्माण को ध्वस्त किये जाने से भू स्वामियों में हड़कम्प मचा रहा। मिली जानकारी के अनुसार विभागीय टीम द्वारा बुढ़ाना रोड पर भू स्वामी प्लॉटिंगकर्ता उस्मान राणा द्वारा लगभग 9 बीघा भूमि में अनाधिकृत रूप से प्राधिकरण के तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को विकास प्राधिकरण टीम द्वारा ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त विभागीय टीम द्वारा रामू सिंह, पूरण सिंह द्वारा भी खसरा संख्या 758 ग्राम सठेड़ी, तहसील खतौली में लगभग दो हजार वर्ग मीटर में निर्मित किये जा रहे व्यावसायिक आवासीय निर्माण के विरुद्ध भी सील की कार्यवाही की गयी। अधिकारियों का कहना है कि उक्त अवैध प्लॉटिंग निर्माण के विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गए थे परन्तु नोटिस के बाद भी अवैध निर्माण व प्लॉटिंग को भू स्वामियों द्वारा नहीं हटाया गया। इस दौरान प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

पहलगाम हमले पर अखिलेश यादव ने कहा, सुरक्षा के मामले में हम केंद्र सरकार के साथ हैं

लखनऊ, 24 अप्रैल (एजेंसी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुखद है। हम इस मुद्दे पर सरकार के साथ हैं। केंद्र सरकार को आतंकियों की इस हरकत पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा इस हमले से मुंह नहीं मोड़ सकती। अगर पहले ही सबक लिया गया होता, तो ऐसी घटना को रोका जा सकता था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता है, उनका मकसद केवल दहशत फैलाना होता है। पूरे देश में गुस्सा है। सपा सर्वदलीय बैठक में शामिल होगी और अपना पक्ष रखेगी। सपा की तरफ से बैठक में पार्टी महासचिव रामगोपाल यादव शामिल होंगे। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रेपोगैंडा पर खर्च होने वाला पैसा देश की सुरक्षा पर खर्च करे। किसी भी दल को ऐसी घटनाओं का राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर मैं फिर से दोहरा रहा हूं कि देश के युवा इसके पक्ष में नहीं हैं। पक्की नौकरी दी जानी चाहिए। इसमें बजट का ध्यान रखा जाना चाहिए। सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ जो पांच फैसले लिए हैं। हम उसका समर्थन करते हैं।

मकान किराए हेतु
एक मकान जिसमें तीन कमरे अटैच टॉयलेट बाथरूम, स्टोर, लॉबी, किचन, पार्किंग फैसिलिटी, चौकीदार सभी सुविधाएं मानसरोवर कॉलोनी, मु0नगर में किराए हेतु उपलब्ध है।
केवल सर्विस वाले ही सम्पर्क करें।
मनोज गुप्ता
M.9927011736

अमित शाह और जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात, पहलगाम आतंकी हमले पर दिया बड़ा अपडेट

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसकी अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे, जबकि कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की अध्यक्षता करें। इस बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। सर्वदलीय बैठक से पहले अमित शाह और विदेश मंत्री जयशंकर की यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने कई अहम फैसले लिए हैं। इसमें पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। वहीं अटारी बॉर्डर को भी बंद कर दिया गया है, जबकि भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ पाकिस्तान के राजनायिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही सेना को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने बैयसरन के घास के मैदान मे छुट्टियां मना रहे लोगों पर अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों और मृतकों के परिजनों ने बताया कि आतंकियों ने सभी से उनके नाम पूछे उसके बाद लोगों को कलमा पढ़ने को कहा। वहीं कलमा पढ़ पाने और हिंदू धर्म से जुड़े पर्यटकों को आतंकियों ने मौके पर गोली मार दी। आतंकियों के हमले में कुल 26 लोगों की मौत हुई है, जबकि 20 से ज्यादा लोग इसमें घायल हैं।

भारत के एक्शन से बौखलाया पाकिस्तान, मिसाइल टेस्ट करने का ऐलान

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। हमले के बाद भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान भी डरा हुआ है। पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल को अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर कराची तट पर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने की अधिसूचना जारी की है। भारतीय एजेंसियां सभी घटनाक्रमों पर नजर रख रही हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले लिए हैं। सिंधु जल समझौता समेत अन्य फैसलों को लेकर पाकिस्तान की घबराहट बढ़ गई है। पाकिस्तान को लग रहा है कि भारत हमला कर सकता है। इसलिए पाकिस्तान ने मिसाइलों का परीक्षण शुरू कर दिया है। पाकिस्तान ने अरब सागर के लिए नोटम (वायुसैनिकों/नौसैनिकों को नोटिस) जारी किया है। साथ ही सैन्य प्रतिक्रिया की आशंका के मद्देनजर अपनी सेना को पूरी तरह अलर्ट पर रखा है। भारत में रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की नौसेना ने अभ्यास शुरू किया है। पाकिस्तान ने अपनी वायु रक्षा को अलर्ट पर रखा है और एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम भारतीय विमानों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए नियमित रूप से उड़ान भर रहे हैं। वहीं भारत ने सार्वजनिक तौर पर कहा है कि पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा तथा उनके प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

पाकिस्तान में हो रहीं गतिविधियों पर भारतीय एजेंसियों की कड़ी नजर है। पाकिस्तानी सेना की तैयारियों की निगरानी की जा रही है। पहलगाम हमले के बाद भारत में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में बड़े फैसले लिए गए। इसमें कहा गया कि आतंकी हमले के सीमा पार संबंधों की बात सामने आई। पहलगाम हमले से पाकिस्तान का संबंध सामने आया। भारत सरकार ने 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद नहीं कर देता। हालांकि इस कदम का तत्काल कोई प्रभाव नहीं होगा, लेकिन पाकिस्तान जानता है कि उसे दीर्घावधि में इसका दर्द महसूस होगा। अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है और पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को रद्द माना जाता है। ऐसे वीजा के तहत भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे हैं।

पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसफ जवान को हिरासत में लिया, रिहाई के लिए फ्लैग मीटिंग जारी

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बीच जारी टेंशन के बीच सीमा सुरक्षा बल के एक जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स ने गुरुवार को हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि जवान की रिहाई के लिए दोनों देशों के बलों के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने बताया कि 182वीं बटालियन के कांस्टेबल पीके सिंह को बुधवार को फिरोजपुर सीमा पार से पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। जवान वर्दी में था और उसके पास सर्विस राइफल भी थी। अधिकारियों ने बताया बीएसएफ का जवान गलती से पंजाब की सीमा पार चला गया, जिसके बाद पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। बीएसफ जवान किसानों के साथ था और वह छाया में आराम करने के लिए आगे बढ़ा, जिसके बाद उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने पकड़ लिया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए दोनों देशों के बलों के बीच फ्लैग मीटिंग जारी है। उन्होंने बताया कि ऐसी घटनाएं असामान्य नहीं हैं और दोनों पक्षों के बीच पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गई है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं, जिसके तहत भारत ने सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया। इसके आलावा भारत ने सार्क वीजा भी रद्द कर दिया है और भारत में रह रहे पाकिस्तानियों को 48 घंटे के अंदर देश छोड़ने का आदेश दे दिया गया है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक्शन में भारत सरकार: बीमार हो या परिवार, हर पाकिस्तानी को जल्द छोड़ना होगा भारत

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विदेश मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि भारत की ओर से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए **सभी मौजूदा वैध वीजा 27

मेरठ में तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार, निर्माणाधीन पुलिया के सरियों में फंसी कार

मेरठ, 24 अप्रैल (एजेंसी)। मेरठ के लालकुर्ती थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। नेशनल इंटर कॉलेज के पास बृहस्पतिवार सुबह करीब 5 बजे एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार निमार्णाधीन पुलिया के सरियों में जा फंसी। कार मुजफ्फरनगर की तरफ से आ रही थी। कार में सवार दोनों व्यक्ति शराब के नशे में थे। दोनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। लालकुर्ती पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से दोनों व्यक्तियों को कार से बाहर निकाला। पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से कार की चाबी अपने कब्जे में ले ली। थाना पुलिस के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को नशे की हालत में होने के कारण जाने दिया गया। पुलिस ने बताया कि जब वे होश में आएंगे तो उनसे पूछताछ की जाएगी। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में पिछले चार दिनों से पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है।

महिला मित्र के साथ ओयो होटल पहुंचे चौकी प्रभारी पर हमला, युवकों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा,

मेरठ, 24 अप्रैल (एजेंसी)। सरूरपुर थाना क्षेत्र में भूनी चौराहे के पास स्थित एक होटल में कुछ युवकों ने चौकी प्रभारी को उसकी महिला मित्र के साथ पकड़ लिया। इसके बाद युवकों ने उसे सड़क पर लाकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर युवक चौकी प्रभारी को छोड़कर भाग गए। भूनी चौकी से 100 मीटर की दूरी पर बपारसी की ओर होटल पैराडाइज है। बुधवार शाम करीब चार बजे भूनी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित सादी वर्दी में महिला मित्र के साथ होटल पहुंचे। स्थानीय युवकों ने यह देखा तो उन्होंने अन्य युवकों को मौके पर बुला लिया। होटल में महिला के साथ चौकी प्रभारी के होने की जानकारी होने पर भीड़ जमा हो गई। युवकों ने हंगामा करते हुए चौकी प्रभारी को महिला के साथ पकड़ लिया, जब विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। पिटाई होते देख महिला चुपके से खिसक गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस आई तो मारपीट कर रहे युवक फरार हो गए। पुलिस ने घायल चौकी प्रभारी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, होटल के मैनेजर का कहना है कि कुछ युवक अकसर होटल पर आकर पार्टी करते हैं। कुछ दिन पहले चौकी प्रभारी ने युवकों को होटल में हुड़दंग करने से मना किया था। इसी कारण वे रंजिश रखने लगे थे। मौके का फायदा उठाते हुए उन्होंने पीट दिया। युवक होटल का रजिस्टर व डीवीआर भी अपने साथ ले गए हैं। भूनी चौराहे पर स्थित होटल पैराडाइज विवादों में रहा है। एक वर्ष पूर्व भी होटल में पुलिस ने कुछ प्रेमी जोड़ों को पकड़ा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि होटल में ओयो ऐप से प्रेमी युगल कमरा बुक करते है। घंटों के हिसाब से चार्ज लिया जाता है।

आतंकवादियों और उनके आकाओं को मिलेगी उनके कृत्य की सजा: योगी

कानपुर 24 अप्रैल (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जायेगा और उन्हे इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द

▶ पिता संजय ने कहा दो टके के आतंकवादी भारत सरकार को दे गए चुनौती ▶ मेरी बहू से कहा मोदी को बता देना, इसलिए तुम्हें नहीं मार रहा हूँ

मिलेगी। पहलगाम में आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढाढस बंधाया और विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स,कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचायेगी। योगी ने बाद में एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता में कहा कि पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। बहन बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी। देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। केंद्र सरकार ने कल ही महत्वपूर्ण फैसले लिये है। आतंकवाद और उग्रवाद पर भाजपा सरकार जीरो टालरेंस नीति पर कायम है। इस कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके अंजाम तक पहुंचाया जायेगा। उन्होने कहा कि पूरी दुनिया ने पहलगाम के आतंकवादी हमले की निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया है। योगी ने शुभम के पिता,पत्नी और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हे इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार और प्रदेश के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि महाराजपुर क्षेत्र के हाथीगांव निवासी शुभम की पहलगाम में उनकी पत्नी के सामने हत्या कर दी गयी थी। उनका पार्थिव शरीर बुधवार देर रात यहां लाया गया। पार्थिव शरीर के साथ एमएसएमई मंत्री राकेश सचान साथ आये।

अफसरों की लापरवाही कहीं बन न जाएं हादसे का कारण

पचेंडा कलां में हादसे को निमंत्रण दे रहा 5 मंजिला भवन

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पचेंड़ा कलां निवासी मनोज लाला पुत्र कल्लूराम ने अनियमितता की सभी हदें पार कर मापदंड के विरुद्ध पांच मंजिला मकान का निर्माण मात्र चार इंच की दीवारों पर किया है। कमजोर बुनियाद व घटिया सामग्री के प्रयोग करने के साथ ऊंची मंजिल होने से उक्त मकान आगे की ओर झुकाव ले रहा है, साथ ही दीवारों में भी दरारें पड़ने लगी है। जिस कारण क्षेत्र में किसी भी समय अनहोनी होने की आशंका से क्षेत्रवासीं बेहद चिंतित हैं। क्षेत्रवासियों की माने तो उक्त प्रकरण में ग्राम प्रधान व जिले के उच्च स्तर के अफसरों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई न होना सवाल खड़े कर रहा है। उक्त प्रकरण में समस्या के निदान की खातिर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ क्षेत्रवासी सीएम हेल्पलाइन पर उक्त प्रकरण को दर्ज कर समाधान की आस में टकटकी लगाए बैठे हैं। वहीं क्षेत्रवासियों को चिंता बनी है कि कहीं कोई बड़ी अप्रिय घटना न घट जाए। गुरूवार को गांव की इस समस्या के निदान की मांग को लेकर कुछ लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई कि वह क्षेत्रीय लोगों की सुरक्षा की खातिर उक्त समस्या का निदान कराने के साथ गलत तरीके से निर्मित भवन को ध्वस्त कराए, ताकि क्षेत्र में अनहोनी से बचा जा सके।

दो पूर्व चेयरमैनों के कार्यकाल की कमाई का होगा अब ऑडिट

सहारनपुर से पालिका पहुंची टीम ने ईओ से मांगा रिकॉर्ड

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। नगरपालिका परिषद् में शासन स्तर से दो पूर्व चेयरमैनों के कार्यकाल में पालिका में हुई आय के लिए स्पेशल ऑडिट कराने के आदेशों को लेकर नई हलचल नजर आ रही है। इसमें सहारनपुर से आई विशेष टीम ने ईओ से मुलाकात कर उन्हें शासन के आदेश उपलब्ध कराते हुए ऑडिट के लिए संबंधित विभागों से रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए कहा है। ईओ ने इसके लिए टीम से 15 दिन का समय मांगा है। इसके बाद ऑडिट कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

बताया गया है कि शासन में हुई शिकायतों के बाद अब एक बार फिर से नगरपालिका परिषद् में स्पेशल ऑडिट का कार्य शुरू होने जा रहा है। इस बार दो पूर्व चेयरमैन पंकज अग्रवाल व अंजू अग्रवाल के कार्यकाल में विभिन्न मदों में होने वाली पालिका आय के तमाम रिकॉर्ड खंगाले जायेंगे। इसके लिए एडी लेखा सहारनपुर के आदेश पर गठित दो सदस्यीय विशेष टीम ने गुरूवार को ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात करते हुए शासनादेश की जानकारी दी और इस स्पेशल ऑडिट के लिए उनसे संबंधित विभागों से आय के सभी रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए कहा है। यह टीम अब वित्तीय वर्ष 2014, 2015 के साथ ही वित्तीय वर्ष 2017 से 2022 तक पालिका में गृहकर, जलकर, जल मूल्य, पार्किंग एवं अन्य ठेकों, सम्पत्ति हस्तांतरण, सम्पत्ति किराया सहित अन्य मदों में हुई आय का ऑडिट करने का काम करेगी। बताया गया कि टीम लोकायुक्त को हुई शिकायत में पालिका के लिपिकों की ऑडिट जांच करेंगी।

इन्होंने कहा-ईओ डॉ. प्रज्ञा ने बताया कि एडी लेखा सहारनपुर से 2 सदस्यीय टीम पालिका में विशेष ऑडिट के लिए नामित की गई है। टीम के अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की और सम्बंधित वित्तीय वर्षों में पालिका द्वारा अर्जित की गई आय के रिकॉर्ड मांगे हैं। इसके लिए कर निर्धारण अधिकारी को आदेशित कर दिया है कि टीम को वो करीब 15 दिन के भीतर सम्बंधित वर्षों की आय से जुड़े दस्तावेज और अन्य पत्रावलियां उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।

गणपति धाम में श्रद्धांजलि अर्पित करने को जुटे समाजसेवी

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। गणपति धाम मंदिर प्रांगण में गुरूवार को नगर के गणमान्य लोग इकट्ठा हुए और उन्होंने पहलगाम में मारे गए हिन्दू वीरों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आए अतिथियों ने एक स्वर में पाकिस्तान और आतंकवाद का विरोध करते हुए कड़े शब्दों में इसकी निंदा की और कहा कि यदि पाकिस्तान अब भी नहीं मानता तो वास्तव में खून का बदला खून से ही लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि

पाकिस्तान में 27 हिन्दुओं को नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों को ललकारा है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि देश के प्रधानमंत्री आज कल में ही पाकिस्तान को आइना दिखा देंगे, मगर फिर भी देश के नागरिक हरदम देश की सेवा के लिए अपनी जान की बाजी देने को भी तैयार हैं। इस मौके पर समाजसेवी सतीश गोयल, भीमकंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, पूर्व विधायक अशोक कंसल आदि समेत मंदिर कमैटी के पदाधिकारी व मंदिर में आने वाले महिलाओं समेत सैंकड़ों लोगों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

पुलिस के जाल में फंस गई अशरफ की पत्नी! पहुंची हाईकोर्ट, लगाई न्याय की गुहार

लखनऊ, 24 अप्रैल (एजेंसी)। उमेश पाल और उनके दो गनर्स की हत्या के मामले में फरार चल रही माफिया अशरफ की पत्नी जैनब उर्फ रूबी ने फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट में गुहार लगाई है। बता दें कि जैनब 25 हजार की इनामी है और उसकी तलाश में पुलिस कई जनपदों की खाक छान चुकी है। उमेश पाल हत्याकांड की आरोपी और फरार चल रही 20 हजार की इनामी जैनब फातमा को लेकर पुलिस अचानक एक्टिव हो गई है। 21 महीने से फरार जैनब फातमा पुलिस की आंखों में धूल झोंक रही है, लेकिन अचानक इलाहाबाद हाईकोर्ट से आई एक खबर से बात की आशंका जताई जा रही है कि शायद जैनब अब पुलिस के बिछाए जाल में फंस चुकी है। प्रयागराज में उमेश पाल और उनके दो गनर्स की हत्या के मामले में फरार चल रही माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी जैनब उर्फ रूबी ने फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट में गुहार लगाई है। उसने खुद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने और कुर्की की कार्रवाई को त्रुटिपूर्ण बताते हुए बताते हुए कोर्ट में चनौती दी है। उसने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 528 के तहत उपरोक्त कार्रवाई को रद्द करने की मांग करते हुए ये अर्जी दाखिल की है। हालांकि उसकी अर्जी पर कोर्ट ने सुनवाई की तारीख तय नहीं की है। जैनब की ओर से इससे पहले भी अग्रिम जमानत और एफआईआर रद्द करने की मांग को लेकर याचिका दाखिल की जा चुकी है। जैनब 25 हजार की इनामी है और उसकी तलाश में पुलिस कई जनपदों की खाक छान चुकी है। 24 फरवरी 2023 को हुए उमेश पाल हत्याकांड के बाद जांच के दौरान जैनब का नाम सामने आया था। मुकदमे में आरोपी बनाए जाने की भनक लगते ही वह फरार हो गई। फिर उसका कुछ पता नहीं चला। लगभग पांच महीनों की तलाश के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो पुलिस ने 20 जुलाई 2023 को अर्जी देकर उसका गैर जमानती वारंट जारी कराया।

नौसेना के सूरत युद्धपोत ने मिसाइल से समुद्री लक्ष्य पर सफलतापूर्वक निशाना साधा

नयी दिल्ली 24 अप्रैल (वार्ता) भारतीय नौसेना के नवनिर्मित स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सफलतापूर्वक सटीक हमला

किया है जो नौसेना की रक्षा क्षमताओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास तथा संचालन में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाती है, और रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह उपलब्धि देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और आत्मनिर्भर भारत के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

छप्पर में आग लगने से 2 गायों की जलकर मौत

बुढ़ाना, 24 अप्रैल (बु.)। एक बड़े छप्पर में रहस्यमय तरीके से आग लग गयी, जिसमें बंधी 2 ग्याभिन गायों की जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर पुलिस व पशु डाक्टरों ने दौड़ लगा दी। तंग गली की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को नहीं बुलाया जा सका। आसपास के लोगों ने जैसे तेसे करके आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों रुपये की कीमत का नुकसान हो चुका था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील के पीछे स्थित सफीपुर पट्टी के निवासी फैय्याज अहमद आज बृहस्पतिवार के दिन परिवार के साथ खेतों में काम करने के लिए विज्ञाना गांव के जंगलों में गये हुए थे। घर पर कोई नहीं था। छप्पर के नीचे दो ग्याभिन गायें बंधी हुई थी। अचानक से दोपहर ढाई बजे अचानक से छप्पर में रहस्यमय तरीके से आग की लपटें उठने लगी। वहां पर अचानक किसी काम से आए भाकियू टिकैत गुट के बुढ़ाना तहसील उपाध्यक्ष मौहम्मद शहजाद ने जब छप्पर में आग की लपटें उठती देखी, तो उसने शोर मचा दिया। तब शोर-शराबा सुनकर मौके पर आए सैकड़ों लोगों ने खुद भी भागदौड़ करके घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन आग में साढ़े 7 माह की ग्याभिन 2 गायों की मौके पर ही जलकर मौत हो गयी और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलने पर खेतों से मौहम्मद फैय्याज मौके आए और आग में जलकर भस्म हुए सामान को देखकर नुकसान का आंकलन किया। नुकसान लगभग दो लाख रुपये की कीमत का बताया गया है। घटना की सूचना पुलिस और पशु चिकित्सकों को मिली, तो वे भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। आग कैसे लगी इसका पता नहीं लग पाया था।

उधमपुर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

जम्मू, 24 अप्रैल (वार्ता) जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उधमपुर के डुडू-बसंतगढ़ इलाके में लट्ठी के वन क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना मिलने पर जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तब सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त संपर्क स्थापित हुआ। आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका जवाब दिया गया। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर, गुरुवार को उधमपुर के बसंतगढ़ में पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। सेना के एक सूत्र ने बताया, ''संपर्क स्थापित किया गया और भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। हमारे एक बहादुर जवान को शुरुआती मुठभेड़ में गंभीर चोटें आईं और बाद में बेहतरीन चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई।'' हालाँकि, ऑपरेशन जारी है।

शादी के आठ साल बाद पति पर दहेज उत्पीड़न और नाजायज सम्बंधों का आरोप

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। शहर कोतवाली के मौहल्ला लम्बा बाजार निवासी सखी अरोरा की शादी वर्ष 2017 में मनीष सहगल उर्फ मंजीत निवासी खतौली हाल निवासी राजनगर एक्सटेंशन, नई दिल्ली से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद पति दहेज के लिए उत्पीड़न करने लगा। उसका एक पुत्र भी है। पत्नी सखी अरोरा ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति मनीष सहगल के अन्य किसी महिला से भी नाजायज सम्बंध हैं। पति ने उक्त महिला के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची, इसी भय से वह अपने पुत्र को लेकर मायके आकर रहने लगी। मायके में आने के बाद मनीष सहगल जबरदस्ती उसका बेटा भी छीनकर ले गया। पुलिस ने इस मामले में महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पति पर दूसरी शादी करने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। रुड़की की रहने वाली महिला शिवानी ने महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अप्रैल 2024 में उसकी शादी अंकित निवासी थाना खतौली के भैंसी से हुई थी। शादी के बाद से उससे बीस लाख रुपये की मांग की जा रही है और इसी बात पर उसका लगातार मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। शिवानी का बताना है कि दुबई में रहने वाली उसकी ननंद तथा उसके पति भी उसे धमकाने का काम करते हैं। ससुरालियों पर महिला द्वारा मारपीट का आरोप भी लगाया गया और यह भी बताया कि ससुरालियों की मारपीट से उसका गर्भपात भी हो चुका है। इसके बाद उसे उसके मायके रुड़की छोड़ दिया गया। महिला का कहना है कि उसे शक है कि उसका पति अपनी बहन के पास दुबई चला गया है और उसने दूसरी शादी कर ली है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

रामपुर तिराहा कांड में नहीं हुई सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। रामपुर तिराहा कांड से जुड़े सरकार बनाम एसपी मिश्रा व सरकार बनाम बृज किशोर मामले में कोई सुनवाई नहीं हो सकी। दोनों मामलों की सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तिथि नियत की गयी है।

तीन उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, 24 अप्रैल (वार्ता) मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन उग्रवादियों को पकड़ा गया है। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया कि पूर्वी जिले इंफाल के लामलाई थाने क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों से सुरक्षा बलों ने दो सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। सगोलमांग थाने क्षेत्र के केइबी हेइकाक मापाल से सुरक्षा बलों ने एक और उग्रवादी को पकड़ा। मणिपुर पुलिस ने असामाजिक तत्वों से चोरी और छीने गए छह वाहन भी विशेष अभियान में बरामद किए। विशेष वाहन अभियान के तहत मणिपुर पुलिस ने 56 वाहनों से काली शीशे हटवाये। लामलाई थाना क्षेत्र के पौराबी गांव में तलाशी अभियान के दौरान तीन एसएमजी कार्बाइन, एक 9 एमएम पिस्टल व एक मैगजीन सहित अन्य सामान बरामद किए गए।

व्यापारियों का हुआ उत्पीड़न तो सड़क पर उतरेगा व्यापारी

समोसे वालों के पत्ते, मिठाई वाले के रसगुल्ले गिनने जैसी शर्मनाक घटना की हुई चर्चा

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। गुरूवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष संजय मित्तल के नेतृत्व में सांत्वना गौतम संयुक्त आयुक्त कार्यपालक जीएसटी से मिला। इस दौरान व्यापारियों ने जीएसटी विभाग द्वारा हो रही छापेमारी पर भारी रोष प्रकट किया। इस बीच पूर्व विधायक अशोक कंसल ने कहा कि जिस तरह जिले में छोटे व्यापारियों के ऊपर ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है वह किसी भी मायने में ठीक नहीं है। इससे पूरे जनपद में भय का वातावरण बना है।

जीएसटी अधिकारियों से हुई वार्ता में अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि सरकार को पहले ही इतना राजस्व जीएसटी के माध्यम से व्यापारी दे रहा है, उसके बाद भी उत्पीड़न हो रहा है। हम नहीं चाहते कि हम आमने-सामने हो। व्यापारी का उत्पीड़न किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वार्ता में जिला महामंत्री प्रमोद मित्तल ने छोटी-छोटी दुकानों पर जा कर विभाग द्वारा समोसे के पत्ते गिनने, ढाबे वालों एवं जनरल स्टोर पर की गई छापेमारी को औचित्यहीन बताते हुए इन पर रोक लगाए जाने की मांग की। इस दौरान अशोक बाटला ने भी रोष प्रकट करते हुए एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा गया, जिसमें जनपद में जीएसटी विभाग के अधिकारियों पर कानून ताक पर रखकर अपनी मनमानी करने के साथ खासतौर से जीएसटी अधिकारियों पर आए दिन बेवजह व्यापारियों को अब परेशान किए जाने के आरोप लगाते हुए रोक लगाए जाने की मांग की। उन्होंने मांग की कि व्यापारी को किसी भी कीमत पर परेशान न किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में जीएसटी के कर निर्धारण के डिप्टी कमिश्नर व असिस्टेंट कमिश्नर व्यापारियों को बेवजह का नोटिस भेज कर लगातार परेशान करने एवं बाद में व्यापारी को कार्यालय बुलाकर

सौदेबाजी किए जाने की बात की। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से विश्वदीप गोयल, महेश चौहान, सुभाष चौहान, राकेश गर्ग, अजय सिंघल, दीपक नारंग, स्वराज वर्मा, नीरज बंसल, प्रेमी छाबड़ा, निशांत जैन, गोपाल मित्तल, प्रमोद त्यागी, प्रवीन धीमान, दिनेश बंसल, पुनीत सिंगल, सचिन त्यागी, अनिल तायल, विजेंद्र गोयल, ओमप्रकाश बजाज समेत अन्य तमाम व्यापारी उपस्थित रहे।

गोरखपुर में अवैध संबंध के शक में गला दबाकर पत्नी की हत्या

गोरखपुर, 24 अप्रैल (एजेंसी)। शादी के 2 महीने बाद ही अवैध संबंध के शक में पति ने गला दबाकर पत्नी को मार डाला। बचाने आए पत्नी के बड़े भाई पर भी हथौड़े से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुलरिहा थाना क्षेत्र के गांव नरायनपुर नंबर 2 की है। वहीं चिलुआताल इलाके में गुरुवार को प्रेमी-प्रेमिका की लाश मिली। पुलिस आत्महत्या और ऑनर किलिंग के एंगल पर मामले की जांच कर रही है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के नरायनपुर नंबर 2 गांव निवासी सतीश चौहान की शादी दो महीने पहले महाराजगंज के पिपरिहा निवासी सरोज के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन सरोज ससुराल में रही. इसके बाद मायके चली गई। 21 अप्रैल को वह फिर से ससुराल पहुंची। गुलरिहा थाना प्रभारी के अनुसार बुधवार की रात को घर के सभी लोग खाना खाकर सोने गए थे। सरोज व सतीश भी अपने कमरे में गए थे। इस दौरान सतीश ने गला दबाकर सरोज की हत्या कर दी। थोड़ी दूरी पर सरोज का बड़ा भाई भी सो रहा था। चीख-पुकार सुनकर वह बहन को बचाने के लिए दौड़ा, तो उस पर भी हथौड़े से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच-पड़ताल की। गुलरिहा पुलिस के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोरखपुर के चिलुआताल थाना क्षेत्र के चिउटहा पुल के पास एक खेत में युवक और युवती की अर्धनग्न हालत में लाश मिली। गुरुवार की सुबह काम पर निकले ग्रामीणों की नजर पड़ी, तो उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शवों की पहचान कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के बाजारहवां (नवापार) निवासी विश्वनाथ सिंह और कुंजलगढ़ निवासी नीतू चौहान के रूप में की। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

तीन दिन चलेगी 'लू' फिर पड़ सकती हैं बौछारें

लखनऊ 24 अप्रैल (वार्ता) भीषण गर्मी की चपेट में आये उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में अगले तीन दिनो तक 'लू' चलने के आसार है जबकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश और 29 अप्रैल से समूचे राज्य में तेज आंधी और बौछार पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घटों में राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में उष्ण लहर (लू) लोगों को परेशान करेगी। हालांकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी से तापमान में मामूली गिरावट के आसार है। मौसम में फौरी परिवर्तन का दौर 30 अप्रैल तक जारी रहने का अनुमान है और 29 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को भी बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। इस बीच भीषण गर्मी को देखते हुये लखनऊ जिला प्रशासन ने आठवीं तक की कक्षाओं को सुबह सात बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि अगले आदेश तक स्कूलों में छात्रों के लिये बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगायी जाये।

पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान अबीर गुलाल भारत में नहीं होगी रिलीज, केंद्र सरकार ने लगाई रोक

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में पाकिस्तान को लेकर आक्रोश चरम पर है। इसका असर ये हुआ है कि पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की फिल्म अबीर गुलाल की भारत में रिलीज पर रोक लगा दी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सूत्रों ने ये जानकारी दी है। इस फिल्म को लेकर पहले से ही विवाद हो रहा था, लेकिन पहलगाम में आतंकी हमले के बाद इसकी रिलीज पर आखिरकार रोक लग गई है। ये फिल्म 9 मई 2025 को रिलीज होने वाली थी। अबीर गुलाल का निर्देशन आर्ती एस बागदी ने किया है। इस फिल्म के जरिए कई सालों के बाद फवाद खान भारतीय फिल्मों में वापसी कर रहे थे। हालांकि अब भारत में इसकी रिलीज पर रोक लग गई है। फिल्म में फवाद और वाणी के अलावा रिद्धी डोगरा, लीजा हेडन, सोनी राजदान, फरीदा जलाल, राहुल वोहरा और परमीत सेठी जैसे कई मशहूर कलाकारों ने काम किया है। पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने इस फिल्म का विरोध किया था। उन्होंने महाराष्ट्र में फिल्म नहीं रिलीज करने को कहा था। हालांकि इन धमकियों के बावजूद मेकर्स फिल्म से जुड़े तमाम इवेंट्स कर रहे थे। इसकी म्यूजिक लॉन्च यूएई में किया गया था। फवाद आखिरी बार साल 2016 में आई करण जौहर की फिल्म ऐ दिल है मुश्किल में नजर आए थे। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ काफी गुस्सा देखा जा रहा है। फिल्म पर रोक लगाने के अलावा यूट्यूब से इसके वीडियो सॉन्ग भी हटाए गए हैं। अब तक फिल्म के दो गाने अंग्रेजी रंगरसिया और खुदाया इश्क रिलीज किए गए थे। दोनों ही गाने अब भारत में यूट्यूब पर दिखाई नहीं दे रहे हैं।

कंपनी ने नहीं दिया वेतन, ऐसे में कर्मचारियों ने रोके वाहन

हड़ताल पर पालिका ने कंपनी को दिलाया भुगतान का भरोसा

मुजफ्फरनगर, 24 अप्रैल (बु.)। नगरीय क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य करने के दौरान तमाम विवादों के चलते पालिका से अनुबंध खो चुकी दिल्ली की एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटी कंपनी के साथ कर्मचारियों का विवाद थमा नहीं है। वेतन न मिलने से क्षुब्ध कंपनी के कर्मचारियों ने वाहनों को फिर रोक दिया और कामबंद हड़ताल पर चले गये। इससे शहर में कूड़ा कलेक्शन कार्य भी ठप हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर नगर पालिका प्रशासन ने हड़ताल को खुलवाने को कंपनी का भुगतान कराने का भरोसा दिया है।

बीते वर्ष फरवरी में पालिका के साथ दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी ने शहर में कूड़ा कलेक्शन के लिए अनुबंध किया था। सभी 55 वार्डों में कंपनी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करा रही है। इस वर्ष मार्च में कंपनी का अनुबंध खत्म होने पर नगरपालिका ने एक माह का विस्तार दिया था ताकि नया ठेका होने तक काम प्रभावित न होने पाये। ऐसे में कंपनी के साथ काम करने वाले कर्मचारियों ने वेतन नहीं देने पर गुरूवार को फिर से कामबंद हड़ताल कर दी और वाहनों को भी रोक दिया। कंपनी कर्मियों की हड़ताल किए जाने की जानकारी मिलने पर पालिका प्रशासन हरकत में आया और कर्मचारी हित में कंपनी को भुगतान जारी करने की तैयारी शुरू कर दी। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ओपी दूबे ने बताया कि पालिका ने कंपनी को फरवरी माह से तय भुगतान नहीं किया है, इससे कर्मियों का वेतन रूका है। अब पालिका ने भुगतान करने का भरोसा दिया है, भुगतान होने पर कर्मचारियों को मार्च माह का वेतन जारी किया जायेगा।

इन्होंने कहा-

**ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटी कंपनी के कर्मचारियों की हड़ताल की जानकारी मिली है। वेतन देने के लिए कंपनी का दायित्व है। कंपनी को स्वास्थ्य विभाग से भुगतान जारी करने के लिए कहा गया है। मई माह में नई कंपनी से काम